www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
अपनी लाइफ में हमेशा दूसरों को समझने की कोशिश कीजिए, परखने की नही!

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 31 मई 2022, शुक्ल पक्ष प्रतिप्रदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-48 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मशहूर पंजाबी गायक एवं कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या की घटना ने पंजाब सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। एक दिन पहले ही सिद्धू मूसेवाला सहित लगभग 400 लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हटाकर भगवंत सिंह मान सरकार ने वाहवाही लूटी थी। पाकिस्तानी सीमा से लगा पंजाब एक संवेदनशील राज्य है। जहां के जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन उसने बिना किसी समीक्षा के सुरक्षा हटा दी और बाकायदा इसका प्रचार भी कर दिया। दिल्ली वाला पंजाब चलाएगा तो उड़ता पंजाब ही दोहराया जाएगा।

सूर्योदय

उदय : 5.16 प्रात:

अस्त : 6.44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,950,512,250

भारत : 1,406,396,340

बाजार

सेंसेक्स : 55925.74

निफ्टी : 16661.40

गोल्ड : 52,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.2	29.9
बिलासपुर	36.0	27.8
जगदलपुर	38.9	24.7
अंबिकापुर	38.0	24.7

आज का दिवस

हिंदी पत्रकारिता दिवस: हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन साल 1826 में हिंदी भाषा का पहला अखबार कोलकाता से सप्ताहिक पत्रिका के रूप में शुरू हुआ था। कानपुर में जन्मे और पेशे से वकील पंडित जुगल किशोर शुक्ल इसके संपादक थे। इस अखबार का नाम था उदन्त मार्तण्ड। उदन्त मार्तण्ड के पहले अंक की 500 प्रतियां छापी गई थीं, हालांकि उस समय इस अखबार को ज्यादा पाठक नहीं मिले थे। हिंदी अखबार होने की वजह से कलकत्ता में इसके पाठक न के बराबर थे, इसलिए इसे डाक से अन्य राज्यों में भेजना पड़ता था। अलबत्ता उस समय डाक से भेजना काफी महंगा सौदा था। जुगल किशोर ने अंग्रेज सरकार ने कई बार डाक दरों में रियायत का अनुरोध किया, पर कोई समाधान नहीं निकला।

यूपीएससी: छत्तीसगढ़ से श्रद्धा शुक्ला, अक्षय और अभिषेक का हुआ चयन

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा 2021 का फाइनल रिजल्ट सोमवार को डिक्लेयर किया गया। इस बार मेरिट लिस्ट में फिर से लड़कियों ने बाजी मारी है। टॉप-10 रैंक होल्डर्स में से 4 लड़कियां रहीं। साल 2021 के रिजल्ट में टॉप 10 में 5 लड़कियां थीं।

छत्तीसगढ़ से भी इस बार यूपीएससी में कामयाबी का डंका बजा है। छत्तीसगढ़ से इस बार श्रद्धा शुक्ला, अक्षय पिल्ले, प्रखर व अभिषेक का चयन हुआ है।

सीएम भूपेश बघेल ने अपने निजी ट्विटर अकाउंट से सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अब जानिए उन होनहार छात्रों के बारे में जिन्होंने छत्तीसगढ़ से यूपीएससी में झंडा फहराया। हम आपको बताते चले

कि, कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला की बेटी श्रद्धा शुक्ला है, जिन्होंने 45वीं रैंक हासिल की है। वहीं, IPS संजय पिल्ले व रेणु पिल्ले के बेटे अक्षय पिल्ले ने 51वीं रैंक हासिल की है। वहीं IAS उमेश अग्रवाल के बेटे अभिषेक अग्रवाल भी UPSC में चयनित हुए हैं। अभिषेक को 254वीं रैंक मिली है। वहीं छत्तीसगढ़ से एक और प्रतिभागी का चयन UPSC में हुआ है। छत्तीसगढ़ के प्रखर चंद्राकर को 102वीं रैंक मिली है। प्रखर चंद्राकर ने रायपुर NIT से इंजीनियरिंग की है।

श्रद्धा ने कहा- रायपुर में तैयारी नहीं हो सकती ये बात दिमाग से निकालना होगा

भारतीय सिविल सेवा सर्विस में 45वीं रैंक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लड़कियों का जलवा कायम

यूपीएससी के रिजल्ट में लड़कियों का दबदबा रहा है। पहले स्थान पर श्रुति शर्मा के बाद दूसरे नंबर पर अंकिता अग्रवाल आई हैं। इसके बाद, गामिनी सिंगला को तीसरी रैंक मिली है। चौथे नंबर पर ऐश्वर्या वर्मा रहीं। पांचवीं रैंक उत्कर्ष द्विवेदी को मिली है। यक्ष चौधरी छठे नंबर पर रहे। आठवीं रैंक इशिता राठी, नौवीं रैंक प्रीतम कुमार और दसवीं रैंक हरकीरत सिंह रंधावा को हासिल हुई है। कैंडिडेट आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर परिणाम देख सकते हैं।

राज्य में रहकर यहां के लोगों की सेवा करना चाहती हूं

श्रद्धा कहती हैं कि छत्तीसगढ़ में ही रहकर राज्य की सेवा करना चाहती हैं। उनका पहला प्रेफरेंस छत्तीसगढ़ है। अगर मुझे मौका मिलेगा तो बहुत सारे एरिया हैं जिसमें काम करना चाहूंगी। पहले तो एजुकेशन है। यहां सभी टॉप संस्थान है, लेकिन उसमें हम आगे नहीं आते हैं। एजुकेशन सेंटर में जरूर काम करना चाहूंगी।

मूसेवाला के मर्डर से पंजाब से लेकर दिल्ली तक प्रदर्शन

नई दिल्ली (ए.)। मशहूर पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के पास विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे पंजाब में सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की नाकामी बताते हुए सोमवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के घर के पास प्रदर्शन किया। पंजाब के मानसा जिले में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी थी। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी सहित प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल के घर की ओर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम भूपेश ने मूसेवाला की हत्या पर जताया दुख

सीएम भूपेश बघेल ने सिद्धू मुसेवाला की हत्या पर दुख जताया है और गायक को श्रद्धांजलि दी है। सीएम ने ट्वीट में लिखा-पंजाब में कांग्रेस के नेता और लोकप्रिय कलाकार सिधू मूसेवाला की दर्दनाक हत्या दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और चाहने वालों को हिम्मत दे। इस घटना से राज्य सरकार को सबक सीखना चाहिए कि निर्णय लेते हुए बहुत सावधान और संवेदनशील होना चाहिए। रणदीप सुरजेवाला ने कहा, पंजाब और दुनियाभर के पंजाबियों ने लोगों से जुड़ाव रखने वाला एक प्रतिभाशाली कलाकार खो दिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने किया केजरीवाल के घर के पास प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस की पूछताछ में सामने आई थी साजिश

सूत्रों के मुताबिक मूसावाला की हत्या की साजिश का खुलासा दिल्ली में कुछ समय पहले गिरफ्तार हुए शाहरुख ने किया है। शाहरुख ने बताया था कि गोल्डी बराड़ और लॉरेंस कोई बड़ी साजिश रच रहे हैं। शाहरुख ने खुद मूसेवाला की हत्या के लिए रेकी भी की थी। अब हत्याकांड में इस्तेमाल हुई बोलेरो वही है, जिसका इस्तेमाल शाहरुख ने साथियों के साथ मूसेवाला की रेकी के लिए किया था। इस मामले में हरियाणा के भी कुछ गुर्गों का नाम सामने आ रहा है।

कोरोना से बेसहारा बच्चों को पीएम केयर्स फंड से राशि जारी

■ बोले पीएम- अगर हम खुद पर भरोसा करें तो प्रकाश की किरण अवश्य दिखाई देती है

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री ने सोमवार को उन बच्चों के लिए प्रधानमंत्री केयर्स योजना के अंतर्गत सहायता जारी की जो कोरोना काल में इस संक्रमण से अपने अभिभावकों या संरक्षक को खोने के कारण असहाय हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बच्चों से कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन इस बात की प्रतिबद्धता है कि हर देशवासी पूरी संवेदनशीलता से इन बच्चों के साथ है। पीएम ने कहा कि इस योजना के तहत अगर किसी बच्चे को प्रोफेशनल कोर्स या उच्च शिक्षा के लिए ऋण चाहिए होगा तो पीएम केयर्स ■ शेष पृष्ठ 6 पर

माता-पिता के स्नेह की भारपाई नहीं कर सकता

पीएम ने कहा मैं जानता हूं कि कोई भी प्रयास और सहयोग आपके माता-पिता के स्नेह की भरपाई नहीं कर सकता लेकिन अपने पिता और माता के ना होने पर इस संकट की घड़ी में मां भारती आप सब बच्चों के साथ है। देश की संवेदनाएं आपके साथ हैं साथ ही आपके सपनों को पूरा करने के लिए पूरा देश आपके साथ है। पीएम ने कहा कि पीएम केयर्स ने कोरोना काल के दौरान अस्पताल तैयार करने में वेंटिलेटर खरीदने में ऑक्सीजन प्लांट लगवाने में भी बहुत मदद की इस वजह से कितने ही लोगों का जीवन बचाया जा सका इतने ही परिवारों का भविष्य बचाया जा सका। पीएम ने कहा निराशा के बड़े से बड़े वातावरण में भी अगर हम खुद पर भरोसा करें तो प्रकाश की किरण अवश्य दिखाई देती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंध्र में मिनीवैन से ट्रक की टक्कर में 6 की मौत; 10 घायल

पलनाडु। आंध्र प्रदेश में एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई। प्रदेश के पलनाडु जिले के रेंटाचिंटाला गांव में सोमवार को एक ट्रक के खड़ी मिनी वैन की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय मिनीवैन में 39 यात्री सवार थे। गुरजाला के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जयराम ने कहा कि मिनीवैन श्रीशैलम से आ रही थी। घायलों को गुरजाला सरकारी अस्पताल और नरसरावपेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है।

ज्ञानवापी: 4 जुलाई तक टली सुनवाई

नई दिल्ली (ए.)। ज्ञानवापी मामले में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को सुनने के बाद सुनवाई चार जुलाई तक टाल दी है। फोटो और वीडियो के बारे में अदालत दिशा-निर्देश तय करेगी और उसके बाद दोनों पक्षों को सर्वे की रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कोर्ट के अनुसार इस पर आई आपत्तियों को देखते हुए फिलहाल इस पर आदेश आएगा। जून में गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए सुनवाई जुलाई तक टली है। चार जुलाई को भी विपक्ष अपनी बहस जारी रखेगा। सोमवार को केवल 13 से 39 पैरा तक ही बहस हो सकी है। इससे पहले वाराणसी में दो अदालतों में सुनवाई पूरी हो गई है। जिला जज और सिविल जज की फास्ट ट्रैक कोर्ट में दो अलग-अलग मुकदमों में पक्षकार अपना पक्ष रखा।

हिंदुओं का पूजा, मुस्लिमों का प्रवेश वाली सुनवाई आठ जुलाई तक टली

ज्ञानवापी मस्जिद में मुस्लिम पक्ष का प्रवेश रोकने और हिंदुओं का पूजा का अधिकार देने के मामले में दायर याचिका पर भी सुनवाई 8 जुलाई तक टल गई है। किरण सिंह बिसेन की याचिका पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में पहले सोमवार की सुबह सुनवाई हुई। अदालत ने पहले शाम 4 बजे तक के लिए मामले को टाल दिया। चार बजे अदालत फिर बैठी और आठ जुलाई तक सुनवाई टाल दी गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमकर मारपीट, टिकैत पर फेकी स्याही

बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु प्रेस क्लब में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत पर एक शख्स ने काली स्याही फेंक दी। यहां टिकैत प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे थे। टिकैत समर्थकों ने स्याही फेंकने वाले शख्स को पकड़ लिया और वही उसकी जमकर धुनाई कर दी। इस मामले में बेंगलुरु पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है। इधर, अपने ऊपर फेंकी गई स्याही के बाद टिकैत ने कहा कि ये जिम्मेदारी यहां की पुलिस की है।

पुलिस ने यहां सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया। पूरी तरह से सरकार की मिलीभगत से ये काम हुआ है। दरअसल, टिकैत एक चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो पर सफाई देने पहुंचे थे। इस वीडियो में कर्नाटक के किसान नेता कोडिहल्ली चंद्रशेखर को पैसे मांगते हुए पकड़ा गया था। राकेश और युद्धवीर ये कहने पहुंचे थे कि वे इसमें शामिल नहीं हैं और धोखेबाज किसान नेता कोडिहल्ली चंद्रशेखर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम लाठी से नहीं डरे, स्याही से क्या डरेंगे-

राकेश टिकैत के मुताबिक स्याही फेंकने और हंगामा करने वाले किसान नेता चंद्रशेखर के समर्थक थे। इस पूरे मामले पर किसान सभा के अध्यक्ष अवनीश पवार ने कहा- जो भी हुआ उसकी जांच होनी चाहिए। किसान यूनियन के महासचिव सावित मलिक ने कहा कि किसानों पर तो लाठीचार्ज तक हुआ है, हम स्याही से डरने वाले नहीं हैं।

पूर्व विधायक साधु यादव को 3 साल की जेल

पटना। बिहार में लालू-राबड़ी राज में तूती बोलने वाले पूर्व विधायक साधु को कोर्ट ने तीन साल के कैद की सुनाई है। साधु यादव राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साले और पूर्व विधायक हैं। साधु यादव को पटना के एमपीएमएलए कोर्ट ने तीन साल के कैद की सुनाई है। बता दें कि 18 जनवरी 2001 को संयुक्त परिवहन कार्यालय में साधु यादव ने अधिकारियों के साथ मारपीट की थी। इसी मामले में कोर्ट ने साधु यादव को तीन साल की सजा सुनाई है। साधु यादव के अधिवक्ता ने बताया है कि प्रोविजनल बेल लेकर पूर्व विधायक याचिका दायर करेंगे।

तेजस्वी की शादी के बाद की खुलकर बगावत : लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने विवाह के बाद उनके मामा साधु यादव खुलकर बगावत पर उतर आए थे। उन्होंने तेजस्वी के पटना आने पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लालू-राबड़ी का दायां हाथ माना जाता था साधु को-

गौरतलब है कि ये वही साधु यादव हैं, जिनकी लालू-राबड़ी राज में तूती बोलती थी। लालू के बिहार की सत्ता से बाहर जाने के बाद साधु के साथ बहन व जीजा के साथ रिश्ते बिगड़े तो वे राजनीति में के फर्श पर आ गए। बिहार में लालू प्रसाद यादव एवं राबड़ी देवी की सरकार के दौर में राबड़ी देवी के भाई अनिरुद्ध यादव उर्फ साधु यादव की बड़ी हैसियत थी। शासन-प्रशासन में उन्हें लालू-राबड़ी का दायां हाथ माना जाता था। साधु को लालू ने विधान परिषद सदस्य व विधायक बनाया। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में साधु यादव गोपालगंज सीट से आरजेडी के सांसद भी बने। लालू ने अपने दूसरे साले सुभाष यादव को भी राजनीति में आगे बढ़ाया। लालू के दोनों सालों साधु व सुभाष की जोड़ी की धाक पूरे बिहार में थी।

पुलवामा में दो आतंकवादी ढ़ेर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के आतंकवादी विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए है। पुलिस ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष सूचना के बाद रविवार शाम को पुलवामा के गुंडीपोरा इलाके में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया था। यहां आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादियों के फंसे होने जानकारी मिली थी। जैसे ही सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया और एक विशेष स्थान पर पहुंचे तो वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस ने बताया कि इससे पहले सोमवार तड़के एक आतंकवादी को मार गिराया गया था। इसके बाद एक और आतंकवादी को ढेर कर दिया गया है। मौके से दो एके राइफल बरामद हुई हैं। तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर घाटी में अलग-अलग आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान पिछले हफ्ते अलग-अलग जगहों पर 12 से अधिक आतंकवादी मारे गए है।

गरमा-गरम

पीड़ा... 27 मार्च को जन अदालत लगाकर नक्सलियों ने कर दी थी हत्या

जन अदालत में नक्सलियों ने पति को मार डाला, पुलिस ने सबूत मांगे तो हड्डियां लेकर बीजापुर पहुंची पत्नी

■ तेलंगाना में बस चुका था मृतक, परिजनों से मिलने आया था छत्तीसगढ़

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में एक ह्दय विदारक मामला सामने आया है। तर्रेम थानाक्षेत्र के वट्टीगुड़ा गांव से एक परिवार नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने जिला मुख्यालय पहुंचा है। पुलिस ने हत्या के सबूत मांगें तो पीड़ित परिजन मृतक की अस्थियां लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित परिवार द्वारा उपलब्ध करवाई गई हड्डियों को जांच के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला नक्सल हिंसा से जुड़ा है। दरअसल, घटना 27 मार्च की है। तेलंगाना के

राजूनगरम से मड़कम आयता अपने पुस्तैनी गांव वट्टीगुड़ा पहुंचा था। नक्सलियों ने उसका अपहरण कर लिया और जनअदालत में गाला घोंट कर हत्या कर दी। घटना के बाद से मृतक के परिजन डर गए, लेकिन अब वे इस मामले में नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाना चाहते हैं।

दूसरी शादी से नाखुश थे नक्सली: मृतक के भतीजे देवा मड़कम ने बताया कि उसके चाचा मड़कम आयता ने 2005 में दूसरी शादी कर ली थी और उस समय नक्सलियों ने इसका विरोध किया था। अपनी जान बचाने के लिए वह तेलंगाना के राजूनगरम चले गए और वहीं रहकर खेती करने लगे। उस समय उसकी दूसरी पत्नी ज्योति मड़कम भी तेलंगाना में रहने लगी। धीरे-धीरे समय बीतने लगा तो मड़कम आयता अपने पैतृक गांव आने-जाने लगा। तेलंगाना से छत्तीसगढ़ आने के दौरान वह इस बात का भी ध्यान रखता था कि उसके आने की खबर नक्सलियों को न लगे। लगातार अपने गांव से सुरक्षित वापस तेलंगाना लौटने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिपोर्ट दर्ज कराने भद्राचलम गए, पुलिस ने भेजा छत्तीसगढ़

इस घटना से मृतक के परिजन काफी डर गए और इसके बारे में किसी से शिकायत नहीं की, लेकिन कुछ समय बाद मृतक की दूसरी पत्नी ज्योति मड़कम ने नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने का फैसला किया। वह एफआईआर दर्ज कराने तेलंगाना के भद्राचलम पहुंचे, जहां उन्हें घटना स्थल छत्तीसगढ़ का होना बताकर बीजापुर भेज दिया गया। बीजापुर पहुंचने पर पुलिस ने उनसे मड़कम आयता की हत्या होने की जानकारी के संबंध में कुछ सबूत लाने को कहा, तब पीड़ित परिवार ने मृतक की अस्थियां लेकर बीजापुर मुख्यालय पहुंच गए। शिकायत पर अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जांच के लिए भेजा है हड्डियों को

बीजापुर एसपी अंजय वैष्णव ने बताया कि पीड़ित परिवार प्राथमिकी दर्ज कराना चाहती है। इस मामले में पुलिस के सामने यह दुविधा है कि संबंधित व्यक्ति का माओवादियों ने अपहरण कर लिया यह जानकारी परिजनों को है। ऐसे में क्या उसकी हत्या हुई या नहीं इस पर संशय होने की स्थिति में परिजनों से हड्डियां मंगवाई गई हैं। पीड़ित परिवार द्वारा जो हड्डियां उपलब्ध करवाई गई हैं, उसे जांच के लिए भेज दिया गया है। साथ ही पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा में तर्रेम थाना भेजकर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच भी कर रही है। जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

संपादकीय

पंजाब में बिगड़ते हालात

पंजाब में जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और अपने आका अरविंद केजरीवाल के साथ गुजरात, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश का चुनावी दौरा करने से फुर्सत नहीं मिल रही है। पंजाब पाकिस्तान की सीमा से लगा एक अतिसंवेदनशील राज्य है जहां नशे का कारोबार भी अपनी चरम सीमा पर है। खालिस्तानियों ने भी नई सरकार बनने के बाद अपनी गतिविधियां तेज कर दी है जिससे चिंताजनक हालात बन रहे है। लाकप्रीय पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। गौरतलब है कि सिद्धू मूसेवाला को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इसके बावजूद मान सरकार ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली थी। एक दिन पहले ही पंजाब सरकार ने सिद्धू मूसेवाला सहित लगभग 400 लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हटाई थी। वह भी बगैर किसी समीक्षा के। यही नहीं बल्कि वाहवाही लूटने के लिए पंजाब सरकार ने बाकायदा इन चार सौ लोगों के नाम भी सार्वजनिक कर दिए थे कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई है। यही वजह है कि सुरक्षा हटते ही दुर्घटना घट गई। करोड़ों दिलों पर राज करने वाले विख्यात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों की पार्टियों ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोल दिया है, जिसका मान सरकार जवाब नहीं दे पा रही है। पंजाब में कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाएं रखना और जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और वह अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा एक ही बात कहते रहे है कि नई दिल्ली की पुलिस राज्य सरकार के अधीन आ जाए तो वे नई दिल्ली में कानून और व्यवस्था की स्थिति को दुरूस्त कर देंगे। अब पंजाब में वहां की पुलिस आम आदमी पार्टी की सरकार के अधीन है लेकिन वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। इसपर पंजाब सरकार को मंथन करना चाहिए और पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में शांति और व्यव्स्था कामय रहे इसके लिए कारगर कमद उठाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पाए।

विचार

हसदेव जंगल बचाव

संतोष मिरी हेम

उठव-उठव गा सियान
जागव-जागव गा सियान
सब्बो देवव तुमन धियान
हसदेव के जंगल ला बचा लेवा गा।

हरियर-हरियर रुख राई
हरियर-हरियर पाना हे,
हरियर-हरियर पाना
हमर माटी महतारी ला
हमला हे बचाना गा,
हमला हे बचाना
उठव-उठव..................

जंगल झारी नदिया नरवा,
सबले बड़े खजाना गा,
सबले बड़े खजाना
बिन येखर हम कइसे जीबों
सबला हे बताना गा,
सबला हे बताना
उठव-उठव..................

पुरखा के चिन्हारी हमर
येखर बर मर जाना हे,
येखर बर मर जाना
जल जंगल जमीन के रखवार हमन,
हमर से ये जमाना गा,
हमर से ये जमाना
उठव-उठव..................

नइ लड़िहव हक बर त,
जीयत मा मर जाहा गा
जीयत मा मर जाहा
अंतस मा भर जाही पिरा,
अब्बड़ दु:ख पाहा गा
अब्बड़ दु:ख पाहा
उठव-उठव..................

कोनो नइ तो देवय संग,
तोहिच ला आवाज उठाना हे,
तोहिच ला आवाज उठाना
बिरसा कस दहाड़ मारके,
सबला हे चेताना गा,
सबला हे चेताना
उठव-उठव..................

मुद्रा ऋण : समानता पर आधारित समृद्धि का एक सेतु

सौम्य कांति घोष

एक नया डिजिटल इंडिया उभरकर सामने आ रहा है, जो हमारी वित्तीय प्रणाली में क्रांति ला रहा है। आज, भारत में एक ऐसी सुव्यवस्थित प्रणाली है जो किसी व्यक्ति को अपने घर बैठे ही ऋण के लिए आवेदन करने हेतु बैंक के ऐप का उपयोग करने में मदद करती है। मुद्रा ऋण देने के लिए एनबीएफसी और माइक्रो फाइनेंस संस्थानों ने बैंकों/आरआरबी के साथ हाथ मिलाते हुए नए अवसर पैदा किए हैं। कॉरपोरेट जगत को नई आपूर्ति श्रृंखला प्राप्त हो रही। इस प्रक्रिया का गुणक प्रभाव यह है कि ऋण के रूप में दिया गया एक रुपया चक्रीय अर्थव्यवस्था में काफी कमाई कर रहा है। इसमें उधारकर्ताओं और उनके परिवारों के लिए ऐसी सामाजिक सुरक्षा अंतर्निहित हैं, जिनके बारे में पहले कभी नहीं सोचा गया था! इससे आगे बढ़ते हुए, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कल्याणकारी एवं प्रोत्साहन योजनाओं को मुद्रा योजनाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है।

अपने शुरुआती दिनों से ही, मोदी सरकार आजादी के बाद के छह दशकों के दौरान गुप्त रूप से बनाई गई बहिष्करण की संस्कृति को अनिवार्य रूप से बदलना चाहती थी। बहिष्करण की यह संस्कृति और कुछ नहीं बल्कि हाशिए व पिरामिड के सबसे निचले पायदान पर बैठे लोगों को छोड़कर आगे बढ़ने की संस्कृति थी! इस स्थिति ने नए नीति-निर्माताओं को हमारे विशाल देश के कोने-कोने में समानता पर आधारित उद्यमशीलता के विकास के लिए बेचैन कर दिया। इस संबंध में, दो योजनाओं यानी प्रधानमंत्री जन धन योजना और मुद्रा ऋण ने इस देश की उद्यमशीलता की भावना को एक नई आजादी के वादे के साथ यहां के वित्तीय समावेशन, जमा एवं उधार, दोनों, से जुड़े परिदृश्य को बदलकार रख दिया है।

पिछले सात वर्षों में, बैंकों (आरआरबी सहित)/एनबीएफसी/एमएफआई ने कुल मिलाकर लगभग 18.4 लाख करोड़ रुपये की राशि के 35.32 करोड़ मुद्रा ऋण वितरित किए हैं, जिसमें सबसे छोटे उधारकर्ताओं के लिए औसतन 52,000 रुपये का ऋण शामिल है। इनमें से लगभग दो-तिहाई ऋण महिला उद्यमियों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। यह मानते हुए कि प्रत्येक इकाई में कम से कम दो व्यक्ति कार्यरत हैं, एक रूढ़िवादी आकलन के आधार पर, ये इकाइयां 10 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रही हैं।

वित्तीय समझ के मामले में थोड़े कम जानकार, लेकिन व्यावसायिक कौशल और कुछ बड़ा करने के सपनों से भरपूर लोगों की विभिन्न जरूरतों से अवगत रहते हुए सरकार ने विशेष रूप से उद्यमियों की विभिन्न श्रेणियों- शिशु, तरुण और किशोर- के हितों के संरक्षण के लिए मुद्रा ऋण की तीन श्रेणियां बनाईं। इस संबंध में मार्गदर्शक सिद्धांत यह था कि बदलते समय के साथ एक शिशु ऋणी हमेशा के लिए शिशु की श्रेणी में नहीं रहेगा, बल्कि वह एक तरुण के रूप में विकसित होगा, एक तरुण समय के साथ किशोर बन जाएगा और इसी क्रम में वह आगे समानता और समृद्धि सुनिश्चित करता जाएगा!

लेकिन, सरकार को 2014 के बाद की परिस्थितियों में कई चुनौतियों से पार पाना पड़ा। कोई कारगर व्यवस्था मौजूद नहीं थी। इस प्रस्तावित विशाल आकार की योजना को सहारा देने के लिए कोई संरचना या बुनियादी ढांचा उपलब्ध नहीं था। सरकार ने आपसी विश्वास का माहौल बनाकर प्रचलित

संस्कृति को अनुशासित किया। सरकार एक साफ-सुथरे मॉडल के जरिए इतने बड़े पैमाने पर उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रही थी जिसे पहले कभी नहीं आजमाया गया था। विकास और आय सृजन के अवसर उपलब्ध थे, लेकिन हाशिए पर बैठे लोगों को इस बात का यकीन नहीं था कि उनकी उद्यमशीलता की भावना को बैंकिंग प्रणाली से उत्साहवर्द्धक समर्थन भी मिलेगा।

सरकार द्वारा गारंटी और भरोसे (सीजीएफएमयू) के निर्माण ने यह सुनिश्चित किया कि बैंक तथा अन्य वित्तीय मध्यस्थ ऋण स्वीकृति एवं वितरण के लिए आश्वस्त हो जायें। 10 लाख रुपये तक के ऋण पर अब केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ट्रस्ट से गारंटी मिलती है। उधारदाताओं के पास बिना किसी अन्य संपार्श्विक प्रतिभूति के उधार देने की अतिरिक्त सुविधा है। जल्द ही यह एक सर्वव्यापी परिघटना बन गई जिसमें इस देश के आम नागरिकों ने बड़ी वित्तीय संस्थाओं के पोर्टल को अपने लिए खुला पाया!

सरकार ने इस प्रक्रिया को कारगर बनाने और इसकी निगरानी करने के लिए प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया। इस योजना की व्यापक स्वीकृति को प्रोत्साहित करने और लोगों को इस योजना के विवरण एवं बारीकियों से परिचित कराने के लिए बैंकिंग संवाददाताओं का सहारा लिया गया।

मुद्रा योजना के माध्यम से लोगों के सफल सशक्तिकरण की कई आकर्षक कहानियां हैं। सफलता की कई ऐसी कहानियां उन महिला कर्जदारों की हैं, जिन्होंने अपने परिवारों को आजीविका सहायता प्रदान करने के मामले में खुद को अग्रणी साबित किया है और यहां तक कि उन्होंने अन्य परिवारों को भी रोजगार प्रदान किया है। उन्होंने खुद को अनौपचारिक साहूकारों के चिरस्थायी बंधन से मुक्त कर लिया है और बैंकों द्वारा प्रदान किए गए वित्तीय सहायता के सहारे आगे बढ़ी हैं। मुद्रा ऋण पाने वाले कुल लाभार्थियों में दो-तिहाई महिलाएं हैं। उनमें से कई सामाजिक रूप से वंचित समूहों से आती हैं और वे देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को बदल रही हैं।

सफलता की ये कहानियां इस बात की याद दिलाती हैं कि कोई भी सूक्ष्म व्यवसाय कठिनाइयों एवं नादानियों के जरिए, उथल-पुथल एवं चुनौतियों के जरिए ही बड़ा बन सकता है! कोई भी चुनौती उसके अदम्य साहस और जीवट को तोड़ नहीं सकती। देश ने कोविड महामारी के दौरान उद्यमशील भारत की दृढ़ भावना को भी देखा। कुछ विद्वान लोगों ने कहा कि व्यवस्था पर काफी दबाव बनेगा, अटके हुए कर्ज कई गुना बढ़ जायेंगे। लेकिन, उन्हें विस्मित करते हुए यह व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि बिना किसी खरोच के सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ गई। सरकार ने व्यापारी वर्ग की इस निडर नई नस्ल को सहयोग देने का अपना संकल्प बनाए रखा। सरकार ने उधारकर्ताओं के बोझ को काफी हद तक कम करने के लिए 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना भी शुरू की जोकि आज भी जारी है।

एक नया डिजिटल इंडिया उभरकर सामने आ रहा है, जो हमारी वित्तीय प्रणाली में क्रांति ला रहा है। आज, भारत में एक ऐसी सुव्यवस्थित प्रणाली है जो किसी व्यक्ति को अपने घर बैठे ही ऋण के लिए आवेदन करने हेतु बैंक के ऐप का उपयोग करने में मदद करती है। मुद्रा ऋण देने के लिए एनबीएफसी और माइक्रो फाइनेंस संस्थानों ने बैंकों/आरआरबी के साथ हाथ मिलाते हुए नए अवसर पैदा किए हैं। कॉरपोरेट जगत को नई आपूर्ति श्रृंखला प्राप्त हो रही। इस प्रक्रिया का गुणक प्रभाव यह है कि ऋण के रूप में दिया गया एक रुपया चक्रीय अर्थव्यवस्था में काफी कमाई कर रहा है। इसमें उधारकर्ताओं और उनके परिवारों के लिए ऐसी सामाजिक सुरक्षा अंतर्निहित हैं, जिनके बारे में पहले कभी नहीं सोचा गया था! इससे आगे बढ़ते हुए, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कल्याणकारी एवं प्रोत्साहन योजनाओं को मुद्रा योजनाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है। साथ ही, फिन-टेक और स्टार्ट-अप से संबंधित इकोसिस्टम का बेहतर उपयोग सीमा पार जाकर एक व्यापक एवं चहुमुखी विकास के परिप्रेक्ष्य को सामने लाने के लिए किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) : शहरी भारत में बदलता जीवन

डॉ. सेजल पटेल

पीएमएवाई-यू प्रौद्योगिकी नवाचार अनुदान (टीआईजी) के माध्यम से नई निर्माण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रही है। इस उद्देश्य के लिए ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया और इंडियन हाउसिंग टेक्नोलॉजी मेला आयोजित किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री के विजन के तहत किफायती आवास को हकीकत में बदलने के प्रयास ने लाइट हाउस परियोजनाओं की शुरुआत की। देश के छह स्थानों- चेन्नई, इंदौर, राजकोट, लखनऊ, रांची और अगरतला में 6,000 से अधिक फ्लैटों का निर्माण चल रहा है। निर्माण प्रक्रिया में उपयोग की जा रही नवीन तकनीकों को जीएचटीसी-इंडिया के तहत शॉर्टलिस्ट किया गया था और जो अब गरीबों के लिए किफायती, आरामदायक, समावेशी, ऊर्जा-कुशल और आपदा-रोधी घरों के निर्माण में मदद कर रही हैं।

प्रत्येक पात्र लाभार्थी को एक पक्का घर उपलब्ध कराने के माननीय प्रधान मंत्री के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से, प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) (पीएमएवाई-यू) वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। पिछले सात वर्षों में, पीएमएवाई-यू में लगभग 8.31 लाख करोड़ रुपये के निवेश, जिसमें से 2.03 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता है, के साथ लगभग 1.23 करोड़ घरों को स्वीकृति दी गई है। मई 2022 तक, 1 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण शुरू हो चुका है और वे निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं; जिसमें से 60 लाख से अधिक मकान बनकर तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंप दिए गए हैं।

पीएमएवाई-यू निसंदेह दुनिया में सबसे महत्वाकांक्षी और सबसे बड़ा आवास कार्यक्रम है। यह अत्यधिक प्रासंगिक है और 'सबके लिए आवास' प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं और वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप है। कार्यकाल सुरक्षा की आवश्यकता को मानते हुए, मिशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग सहित सभी आय वर्गों में आवास की मांग को स्वीकार किया, और इसका उद्देश्य पानी के कनेक्शन, रसोई और शौचालय की सुविधा के साथ सभी मौसमों के अनुकूल, शालीन आवासीय इकाइयां प्रदान करके पर्याप्त भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। आवास में लैंगिक समावेश में तेजी लाते हुए, मिशन आवास इकाइयों में संयुक्त रूप से या एकमात्र मालिक के रूप में महिलाओं का मालिकाना हक अनिवार्य करता है। मिशन ने व्यापक रूप से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रतिबद्धता को पूरा किया है : शून्य गरीबी का लक्ष्य 1, लैंगिक समानता का लक्ष्य 5, स्वच्छ पानी और स्वच्छता का लक्ष्य 6, संवहनीय शहरों और समुदायों का लक्ष्य 11 और जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य 13।

पीएमएवाई-यू पांच मूलभूत तरीकों से कुकी कटर यूनिट्स और सिल्वर-बुलेट सॉल्यूशंस के साथ पूर्ववर्ती आवास योजनाओं से अलग है। सबसे पहले, पीएमएवाई-यू चार

घटकों द्वारा आपूर्ति पक्ष या मांग पक्ष समर्थन के साथ, कैफेटेरिया दृष्टिकोण अपनाते हुए शहरी परिवारों के विभिन्न सेगमेंट्स की आवास 'मांग' को पूरा करता है। स्थानीय स्तर पर महत्वाकांक्षी मांग सर्वेक्षणों के माध्यम से अलग-अलग आवास की मांग को जाना, जिससे इच्छुक लाभार्थियों को उपयुक्त घटक का विकल्प चुनने की अनुमति मिली और इससे शहर आवास की मांग तैयार कर पाये, जिसके आधार पर प्रत्येक घटक के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य तैयार किए गए। इस तरह के बॉटम-अप दृष्टिकोण के साथ, मिशन ने आवास और सम्मानजनक जीवन के लिए विभिन्न लक्षित समूहों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जरूरत के अनुसार उचित रूप से विभिन्न डिजाइन तत्वों को विकसित किया है। पीएमएवाई-यू के लोकाचार समावेशी हैं तथा लिंग, जाति, पंथ या धर्म पर ध्यान दिये बिना सभी को समान अवसर प्रदान करते हैं। दूसरा, पीएमएवाई-यू के तहत विजन पहले के आवास कार्यक्रमों के 'स्लम-फ्री सिटी' के बजाय 'सबके लिए आवास' है, जिसका अर्थ है कि यह केवल एक सेगमेंट और सबमार्केट के बजाय सभी आय वर्गों के लिए आवास की जरूरत को पूरा करता है।

तीसरा, यह शहरी स्थानीय निकायों को पीएमएवाई-यू को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अन्य मिशनों जैसे अमृत, एसबीएम, एनयूएलएम के साथ अभिशरण का अवसर प्रदान करता है और इस तरह आवास मूल्य श्रृंखला और सीढ़ी में एकीकृत आवास नीतिगत ढांचा प्रदान करता है। चौथा, मिशन सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करते हुए मांग आधारित दृष्टिकोण अपनाता है। यहाँ राष्ट्रीय और राज्य स्तर के संस्थान मौजूद हैं जो मिशन के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करते हैं। पांचवां, अनपेक्षित समूहों को लाभ कम करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक इच्छित लाभ पहुंचें, डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाया गया है। इसमें विभिन्न लिंकेज शामिल हैं जिन्हें लाभार्थियों के आधार सत्यापन के लिए यूआईडीएआई पोर्टल के साथ रखा गया है, पीएफएमएस के साथ डीबीटी मोड के माध्यम से निर्माण से जुड़ी सब्सिडी का हस्तांतरण और जीआईएस आधारित केंद्रीय एमआईएस आदि। एक व्यापक और मजबूत एमआईएस प्रणाली विकसित की गई है जो सभी हितधारकों को निर्बाध रूप से जानकारी का प्रबंधन करने और भौतिक और वित्तीय प्रगति से संबंधित रिकॉर्ड रखने में मदद करती है। मकानों के निर्माण की प्रगति की निगरानी के लिए एमआईएस पांच चरणों वाली जियो-टैगिंग सुविधाओं से युक्त है। सूचना के प्रसार के लिए एमआईएस को विभिन्न डैशबोर्ड और डीबीटी भारत पोर्टल के साथ भी एकीकृत किया गया है। प्रत्यक्ष भौतिक और वित्तीय प्रगति के अलावा, मिशन ने अपने बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के कारण अर्थव्यवस्था पर एक व्यापक प्रभाव डाला है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लो छत्तीसगढ़ के

लो छत्तीसगढ़ के 3 बार मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह ने भी मान लिया कि बीजेपी का प्रदेश में कोई जनाधार था ही नहीं वे तो स्थानीय छोटे दलों के वोट बंटवारे के आधार पर जीतते थे कभी हृष्टक, कभी अजीत जोगी की पार्टी की वजह से उन्हें सत्ता मिली थी. वैसे इनके तीनों जीत के पीछे कांग्रेस के कई कपिल सिब्बल जैसे लोग भी सहायक रहे है। - **निलोत्पल शुक्ला**

बहारें आती

बहारें आती जाती रहती है यादें कब कहीं जाती हैं कहीं दिल में हलचल आंखों में उम्मीद अक्सर मीठी गुदगुदी के साथ कुछ सरगम की आरोह अवरोह मधुर संगीत खुशबुओं में इतराती फिर हड़बड़ी में तैयारी करना चहल-पहल हुल्लड़बाजी के लिए मुस्कानों के साथ खोल देना सन्नाटे और उदासियों के कपाट बाल गोपाल आते ही होंगे मुंडेर की चिड़िया चहक रही है। - **प्रतिमा शर्मा**

खास पाती

जिंदगी कोई सीधी सड़क नही

जिंदगी कोई सीधी सड़क नही, जिसके अर्थ ढूढते पहूँच जाए आप। जिंदगी कोई शब्द कोष भी नही, जिससे हम अर्थ को पा ही लें। जिंदगी के मायने की तलाश, किसीं समस्या के समाधान की तरह नही। बल्कि खास तरह से जीवन, जीने से सम्बंधित है। यह कुछ लोगो के लिए ही, सीमित पश्न नही है। यह साधारण मनुष्य की, रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा है। भौतिक जगत में मृतु जीवन का अंतिम सच होते हुए भी मनुष्य को स्वीकार नही है मानव जीवन मिट्टी के घरोंदे की तरह झनिकहै इस लिए जीवन का प्रत्येक झण मूल्यवान है। और जीवन की अर्थवत्ता प्रेम में ही है। - **हेमा पाण्डेय**

दौड़ो पकड़ो सर्दी के आँवले धूप में



दौड़ो पकड़ो सर्दी के आँवले धूप में बकरी के किरमिची शावक टोकरी से ढँक कर एक रेशमी आश्वस्ति, दौड़ो पकड़ो, तीन मंत्र छोड़कर भाग रहे पुरोहित को, पाँचवे खंभे पर- नृसिंह फाड़कर सीना, आज़ाद करे तस्करी के तीन मंत्र, दौड़ो पकड़ो तेज़ बारिश के बाद माटी से झाँकते सहमे, सीप,बजरी,टूटे रक़ाबियों के अकाल शिशु, इतिहास का झोला कंधे पर लिये चलता अमानुष, आधी रात के बाद जो चलता है निर्द्वंद, दौड़ो पकड़ो बुढ़ाते चेहेरे पर गाल की विंध्य अस्थियाँ. काले चश्मे से ढँका सूनापन, जिसके बाहरी काली दीवार पर, दौड़ती है सड़क अवाक् गाड़ियाँ नीला आकाश, दौड़ो पकड़ो, संत पीटर को, मारता है रोम बार-बार, सलीबों को अब विश्रांति दो। - **शेष अमित**

कभी विवश मत करना किसी नदी

कभी विवश मत करना किसी नदी को सागर हो जाने के लिए ।नदी जब तक नदी है तुम्हारी है । किन्तु सागर होते ही हो जाएगी नमकीन और खारी भी । फिर तुम उसे पी नही पाओगे जी भी नही पाओगे। - **ममता अमर**

मेरे पास से उम्र गुजर रही है हर

मेरे पास से उम्र गुजर रही है हर साल के गुजरने का दर्द जैसे वर्ष जम कर चिपक गए हैंअतीत सेउम्र के बाहुपाश मेंबांधने के लालसा में संयम से नहीं फेर पाती हूँ लम्हों के बालों में उँगलियाँ धीरे-धीरे जिंदगी कहीं से बेढंगी हो रही है फिर भी उम्र को उसी रफ्तार से गुजरने देती हूँ नए रोमांच में हाथ में पकड़े बहीखाते पर इतिहास के हस्ताक्षर लिए। - **अनिता कपूर**

तुमसे मिलके जरा हम सँवर

तुमसे मिलके जरा हम सँवर जायेंगे, अपने गीतों में तेरा ही असर पायेंगे कोई देख ले तुम्हारा हृदय गर प्रिये- है यकीन हम सदा ही नजर आएंगे। छोड़कर रासते सँग चलते रहें, तोड़कर कायदे सँग चलते रहें। रोकने की करें लाख कोशिशें मगर- जोड़कर वायदे सँग चलते रहें। व्यर्थ जाए नहीं ये जवानी हमारी, पत्थरों पे बना दें निशानी हमारी। आज मिलके बता दें दुनिया को हम- कि झूठी नहीं है कहानी हमारी।-**गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

मुझे तुमसे इश्क़ का कभी बहाना

मुझे तुमसे इश्क़ का कभी बहाना ही नही मिला मुझे पता ही नही चला मुझे तुम्हारी किन बातों से इश्क़ है क्योंकि मैंने कभी जाना ही नही की तुम्हारी किन बातों से मुझे शिकायत रही तुम तो मुझ से मिल कर मुझसे होते गए और मैं तुममे ढल गई अब बताओ खुद की किन बातों से इश्क़ करु और किनसे नही। - **प्रिया मिश्र वेंणी**

विचार अनेक पार मार्ग एक है

विचार अनेक पार मार्ग एक है इस भवसागार की राह एक है तू चले अपनी सोची डगर पर उससे मिलने की जगह एक है जग में हो चिता या कब्र जमीं पर जिन खोजो इस जगत में तुम जन्म से मृत्यु तक राह एक है। - **ललित उपाध्याय**

QUIZ TIME

1) ह्यूमनॉइड रोबोट का नाम क्या है, जिसका हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अनावरण किया गया था?
2) मोबाइल एप्लिकेशन 'हमसफर', जो हाल ही में चर्चा में रहा, किस सेवा से संबंधित है?
3) किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने भारत में 'फ्लीट्स' नाम से एक नया फीचर लॉन्च किया है?
4) इंटरनेट एक्सप्लोरर (आईई) किस प्रौद्योगिकी कंपनी का प्रमुख ब्राउज़र है?
5) हाल ही में खबरों में रही 'टैक्सीबोट' क्या है?

Ramaquiz

उत्तर- (1) व्योम मित्र (2) ईंधन की डोर डिलीवरी (3) ट्विटर (4) माइक्रोसॉफ्ट (5) [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1577- मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां का जन्म। 1727- फ्रांस, ब्रिटेन तथा नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए। 1759- अमेरिका के पेंसिलवेनिया प्रांत में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया। 1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया। 1867- बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। 1878- जर्मनी के युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत। 1889- अमेरिका में पेंसिलवेनिया प्रांत के जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2200 से अधिक लोगों की मौत। 1900- लार्ड राबर्टस के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया। 1907- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू। 1921- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया। 1935- पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1959- बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई। 1977- भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की। 1996- बेंजामिन नेतान्याहू इजरायल के प्रधानमंत्री बने। 1999- कृष्ण प्रसाद भट्टराई ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। 2008- धावक उसैन बोल्ट ने 100 मीटर दौड़ 9.72 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकार्ड बनाया। 2009- अंग्रेज़ी और मलयालम की प्रसिद्ध लेखिका कमला दास का निधन। 2010- भारत में मान्यता प्राप्त हर प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का कानून बनाया गया।

वट सावित्री पर्व पर महिलाओं ने पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ वटवृक्ष की पूजा अर्चना

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में वट सावित्री पर्व पर महिलाओं द्वारा वैवाहिक सुखी जीवन एवं पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ वटवृक्ष की विशेष पूजा अर्चना दिन भर की जाती रही। शहर के अलग-अलग स्थानों पर वट वृक्ष की पूजा महिलाओं ने की।

सुहागिन महिलाएं 11 बजे के बाद से स्नान कर, नये वस्त्र धारण कर, सोलह श्रृंगार कर वटवृक्ष की पूजा करने के पश्चात जल ग्रहण की। नगर में इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिरों में स्थित वटवृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगी रही। अपने पति की रक्षा के लिए एवं दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती रही। नगर के पुराना बस स्टैण्ड स्थित सांई मंदिर के पास, बालानी चैक देवांगन मोहल्ला, बड़ा बाजार, नया बस स्टैण्ड, फोकटपारा आदि स्थल पर महिलाओं ने बरगद पेड़ की पूजा-अर्चना करती रही।

आज के दिन वट या बरगद पेड़ का विशेष महत्व होता है। पुराणों के अनुसार बरगद के वृक्ष में ब्रम्हा, विष्णु, महेश तीनों वास करते हैं। इसके नीचे बैठकर व्रत, पूजा आदि करने व कथा सुनने से मनोकामना पूर्ण होती है। जेठ महीने के अमावस्या को महिलाएं दीर्घ वैवाहिक जीवन की कामना से वटवृक्ष की पूजा अर्चना कर व्रत करती है। लोक कथा है कि सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे पड़े अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से जीत लिया था। सावित्री के दृढ़ निश्चय व संकल्प की याद में इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार करती हैं। वटवृक्ष की पूजा करने के बाद महिलाओं ने जल ग्रहण किये। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनों का महत्व माना गया है। इस पूजा में महिलाएं 24 बरगद फल और 24 पूरियां अपने आंचल में रखकर 12 पूरी व 12 बरगद वृक्ष में चढ़ाई। वृक्ष में एक लोटा जल चढ़ाकर हल्दी रोली लगाकर फल-फूल दीप से पूजन कर कच्चे सूत को हाथ में लेकर वृक्ष की परिक्रमा की। हर परिक्रमा पर एक चना वृक्ष में चढ़ाई और सूत या मूली डोरा तने पर लपेटी। परिक्रमा पूरी होने के बाद वे सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी हैं फिर बारह तार वाले एक माला को वृक्ष पर चढ़ाई। इस वर्ष यह पर्व व्रत 30 मई गुरूवार को पड़ा, इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं दिनभर व्रत रखने के बाद विधि-विधान से वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। पूजा में महिलाएं चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आल्ता समेत अन्य सुहाग की सामग्री भी चढ़ाई। पूजा के बाद महिलाएं एक-दूसरे को कुमकुम लगाई और अपनी सास से आशीर्वाद भी लिये। पूजा-अर्चना समाप्त होने के बाद ही महिलाएं जल ग्रहण की और व्रत पारणा की। इस दिन घरों के अलावा मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना रहा। जिन मंदिरों में बरगद और पीपल के वृक्ष हैं, वहां तो महिलाओं की भीड़ लगी रही।

सुहागिनी महिलाओं द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। कहा जाता है कि वटवृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों व पत्रियों में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। इस व्रत में महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है , सति सावित्री की कथा सुनने व वाचन करने से सौभाग्यवति महिलाओं की अखंड सौभाग्य की कामना पूरी होती है। प्रचलित वट सावित्री व्रत कथा के अनुसार सावित्री की पति अल्पायु थें उसी समय देव ऋषि नारद आए और सावित्री से कहने लगे की तुम्हारा पति अल्पायु है। आप कोई दूसरा वर मांग लें पर सावित्री ने कहा मै एक हिंदू नारी हूं ,पति को एक ही बार चुनती हूं। इसी समय सत्यवान के सिर में अत्यधिक पीड़ा होने गली । सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने गोद में पति के सिर को रख उसे लेटा दिया। अनेक यमदूतों के साथ यमराज आ पहुंचे है। सत्यवान के जीव को दक्षिण दिशा की ओर लेकर जा रहे है। यह देख सावित्री भी यमराज के पीछे-पीछे चल देती है। उन्हे आता देख यमराज ने कहा कि - हे पतिव्रता नारी ! पृथ्वी तक ही पत्नि अपने पति का साथ देती है। अब तुम वापस लौट जाओ। उनकी इस बात पर सावित्री ने कहा जहां मेरे पति रहेंगे मुझे उनके साथ रहना है। यही मेरा पत्नि धर्म है। सावित्री के मुख से यह उत्तर सुन कर यमराज बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने सावित्री को वर मांगने को कहा और बोले-मैं तुम्हें तीन वर देता हूं। बोलो तुम कौन-कौन से तीन वर लोगी। तब सावित्री ने सास -ससुर के लिए नेत्र ज्योति मांगी ,ससुर का खोया हुआ राज्य वापस मांगा एवं अपने पति सत्यवान के सौ पुत्रों की मां बनने का वर मांगा । सावित्री के ये तीनों वरदान सुनने के बाद यमराज ने उसे आशीर्वाद दिया और कहा - तथास्तु ! ऐसा ही होगा।

सावित्री पुनः उसी वट वृक्ष के पास लौट आई। जहा सत्यवान मृत पड़ा था। सत्यवान के मृत शरीर में फिर से संचार हुआ । इस प्रकार सावित्री ने अपने पतिव्रता व्रत के प्रभाव से न केवल अपने पति को पुनः जीवित करवाया बल्कि सास-ससुर को नेत्र ज्योति प्रदान करते हुए उनके ससुर को खोया राज्य फिर दिलवाया । वट सावित्री अमावस्या के दिन वट वृक्ष का पूजन-अर्चन और व्रत करने से सौभाग्यवती महिलाओं की ही मनोकामना पूर्ण होती है और उनका सौभाग्य अखंड रहता है। सावित्री के पतिव्रता धर्म की कथा का सार यह है कि एकनिष्ठ पतिपरायणा स्त्रियां अपने पति को सभी दुख और कष्टों से दूर रखने में समर्थ होती है। जिस प्रकार पतिव्रता धर्म के बल से ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज के बंधन से छुड़ा लिया था। इतना ही नही खोया हुआ राज्य तथा अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति भी वापस दिला दी। उसी प्रकार महिलाओं को अपना गुरू केवल पति को ही मानना चाहिए। गुरू दीक्षा के चक्र में इधर-उधर नही भटकना चाहिए।

जमीन का उपयोग अपनी मर्जी से नहीं, नगर तथा ग्राम निवेश से लेनी पड़ेगी अनुमति

■ 93 ग्राम पंचायतों को निवेश क्षेत्र के दायरे में किया शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर व आसपास के 93 ग्राम पंचायतों को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने निवेश क्षेत्र के दायरे में लाते हुए इसकी घोषणा कर दी है। इसमें खमतराई, कोनी, मंगला, कछार और अमसेना जैसी बड़ी ग्राम पंचायतें भी शामिल हैं। निवेश क्षेत्र घोषित करने का मतलब साफ है कि अब यहां के ग्रामीणों को भूमि उपयोगिता(लैंड यूज) के संबंध में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से अनुमति लेनी होगी। अपनी मनमर्जी से अपनी ही जमीन की उपयोगिता तय कर सकते हैं और न ही किसी तरह का निर्माण कार्य कर सकेंगे।

राज्य शासन ने जिले के नगरीय निकायों के अलावा ग्राम पंचायतों को निवेश क्षेत्र घोषित कर दिया है। नगर निगम के अलावा कोटा,मस्तूरी व बिल्हा ब्लाक मुख्यालय से लगे 93 गांवों को भी निवेश क्षेत्र की सूची में शामिल किया गया है। शासन स्तर पर दिशा निर्देश जारी होने के बाद ग्रामीणों को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के नियमों व मापदंडों का पालन करना जरूरी हो जाएगा।

भूमि उपयोगिता के संबंधमें नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से अनुमति लेनी होगी। निवेश क्षेत्र के लिए शासन का मापदंड जारी होने के बाद जमीन की उपयोगिता के संबंध में शासन द्वारा तय किए गए मापदंड के आधार पर उपयोग किया जाएगा। जमीनों का निर्धारण के अनुसार ही कामकाज किया जाएगा। मसलन कृषि, व्यवसायिक और आवासीय के साथ ही खेल मैदान, स्कूल, अस्पताल या अन्य कार्यों के लिए जिस जमीन की मार्किंग की जाएगी वहां उसी अनुरूप कार्य किए जाएंगे। उपयोगिता नहीं बदली जाएगी।

14 सड़कें व्यावसायिक घोषित

मास्टर प्लान में 62 गांवों को शामिल किया गया है। 14 सड़कों को कमर्शियल घोषित किया गया है। मास्टर प्लान में यातायात व आवागमन के लिए तीन बाइपास सड़क प्रस्तावित किया गया है। दो फ्लाई ओवर के साथ ही अरपा नदी पर तीन स्थानों में ब्रिज निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है। मंगला, सीपत टेलीफोन एक्सचेंज, लिंक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, रिंग रोड दो उसलापुर के अलावा बिलासपुर रायपुर नेशनल हाईवे के अलावा पंडिरया बिलासपुर और मुंगेली नांदघाट रोड़ को कमर्शियल घोषित किया गया है।

रेल्वे कर्मी के घर चोरी करने वाले आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

कोरबा। बी.श्रीवास राव साकिन क्याटर नंबर 12/01 रेल्वे कालोनी गेवरा निवासी ने थाना कुसमुण्डा उपस्थित में एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 08 मई 2022 को कुसमुण्डा रेल्वे स्टेशन में टीए.1 में डियूटी के लिए चला गया था 09 मई 2022 सुबह डियूटी से वापस आया तो देखा कि मेरे क्वाटर के दरवाजा व रूम का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था जिसमे रखे चांदी के आभूषण कमरदानी, पायल, चम्मच, गिलास कटोरी व चांदी का सिक्का तथा एक रियलमी कम्पनी का टेबलेट नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर अंदर घूसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भोजराम पटेल द्वारा क्षेत्र में चोरो व अवैध कार्य करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा व श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री लितेश सिंह के मार्गदर्शन पर प्रकरण में चोरी गये टैबलेट की ई एम ई आई नंबर की जानकारी सायबर सेल कोरबा से प्राप्त की जिससे पता चला कि उक्त टैबलेट में मोबाईल नंबर 8234084093 सीम लगा हुआ तथा उक्त सीम रामलाल कुरे निवासी खैजा जिला जांजगीर चाम्पा के नाम रजिस्टर्ड है, जो प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही रामलाल कुरै को तलब कर पूछताछ करने पर बताया गया। उक्त घटना दिनांक को उसने अपने पुत्र अमरकांत कुरै के साथ मिलकर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया, तथा चोरी किये गये चांदी के आभूषण को चोरी कर भागते समय जंगल झाड़ी में कही गिर जाना व रियलमी कम्पनी के टेबलेट को उसके पुत्र अमरकात कुरै द्वारा अपने नाम पर सीम खरीदकर चलाना बताया। जिसे पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है, जो आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवीन देवांगन, प्रधान आरक्षक राजनारायण सिंह, आरक्षक विक्रम नारंग, पुष्पेंद्र साहू, संजय तिवारी की भूमिका रही।

ग्राम नवापारा में लगाया गया चलित थाना

कोरबा। पुलिस थाना बांगो के द्वारा 29 मई 2022 को ग्राम पंचायत-नवापारा में पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भोजराम पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार ग्राम नवापारा में संगवारी पुलिस व चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना में जनप्रतिनिधि ग्राम सरपंच महेश मरकाम के अलावा 25 से 30 की संख्या में लोग उपस्थित हुए । चलित थाना में लोगों को साइबर अपराध की जानकारी, पास्को एक्ट एएटीएम फ्राड, टोनही प्रताड़ना अधिनियम व रोड सेफ्टी की जानकारी के साथ ही अवैध शराब व सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाई गई। किसी प्रकार से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। इस दौरान प्रआर. दीपक कश्यप, आर निलेन्द्र सिंह एवं आर भरत यादव उपस्थित रहे।

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से तीन बच्चों को मिला लाभ

■ शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए खाते में डाले गये 10 लाख

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले के तीन बच्चों को लाभ मिला है। इन बच्चों के माता एवं पिता दोनों का पिछले साल कोरोना की लहर में स्वर्गवास हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में 10 लाख रुपये की राशि इन बच्चों के खाते में अंतरित की। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष से सांसद अरूण साव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित बच्चे और उनके पालक कार्यक्रम में शामिल हुये। सांसद अरूण साव एवं नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने योजना के तहत इन बच्चों को अन्य दस्तावेजों का भी वितरण किया। इसमें हितग्राही बच्चों का पास बुक, स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री का बच्चों के नाम पत्र और प्रमाण पत्र शामिल हैं। इस अवसर पर मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी एवं बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत के सीईओ हरिश एस सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना जैसी विपदा में जिन बच्चों ने माता और पिता या अभिभावक को खोया है, उनके जीवन की चुनौतियों एवं मुश्किलों को कम करने का यह छोटा सा प्रयास है। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन इसके लिए 18 साल अथवा इससे कम उम्र के बच्चों के खातों में 10 लाख रूपये की राशि डाली गई है। बच्चे इस सहायता राशि को 23 साल की उम्र में पहुंचने पर निकाल पायेंगे। इसके अलावा व्यक्तिगत जरूरतों के लिए 18 साल की आयु पूर्ण करने पर बच्चों को मासिक वित्तीय सहायता भी मिलेगी। 23 साल की उम्र तक इन बच्चों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये तक स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत कक्षा पहली से 12 वीं तक के बच्चों को छात्रवृत्ति के तौर पर 20 हजार रूपये दिया जायेगा। बच्चों को हायर एजुकेशन के लिए शिक्षा ऋण भी दिया जायेगा जिसका ब्याज पीएम केयर्स फण्ड से दिया जायेगा।

पर्यावरणीय स्वीकृति पर विचार करने गतोरी में 7 जुलाई को लोक सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा तहसील के ग्राम गतोरी एवं सेन्दरी में स्थापित मेसर्स सत्या पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 7 जुलाई 2022 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को गतोरी प्राथमिक-माध्यमिक शाला मैदान में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। कम्पनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल,रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने के लिए उक्त तिथि को गतोरी में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

जंगल में करंट की चपेट में आया शिकारी, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र के जंगल में शिकारियों ने जानवर फंसाने के लिए करंट लगाया था। इसमें फंसकर शिकारी की मौत हो गई। वहीं, एक चीतल भी करंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या और वन्य जीव हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले में शामिल तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीपत क्षेत्र के कनई में रहने वाले रूप सिंह गोंड़ शनिवार की रात अपने साथी बीरबल कुमार पोर्ते निवासी सिल्ली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा, जनक नाई ग्राम लोटनापारा जयंती नगर थाना हरदीबाजार जिला कोरबा, महिपाल सिंह मरावी निवासी कनई के साथ जंगली जानवर के शिकार के लिए गया था।

रुक नहीं रहा शिकार, वन विभाग सुस्त

कनई और आसपास के जंगलों में आए दिन जंगली जानवरों के शिकार की घटनाएं सामने आती है। कई मामलों में पुलिस ने शिकारियों को पकड़कर वन विभाग के हवाले किया है। इसके अलावा जंगल में बड़े पैमाने पर लकड़ियों की कटाई भी हो रही है। इसके बाद भी वन विभाग सुरक्षा को लेकर उदासीन बनी हुई है।

चारों जंगल के बीच सतीमुड़ा तालाब के पास पहुंचे। उन्होंने बिजली के खंभे से कनेक्शन लेकर तालाब के पानी में डाल दिया। इससे तालाब में पानी पीने के लिए आया चीतल करंट की चपेट में आकर मर गया। चीतल को लाने के चक्कर में रूप सिंह भी करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके करंट की चपेट में आते ही साथी मौके से भाग निकले। गांव का संजय सुबह तालाब की ओर गया। उसने रूप सिंह और चीतल का शव देखकर इसकी सूचना गांव में दी। इसके बाद कोटवार के साथ मौके पर पहुंचे। कोटवार ने घटना की जानकारी सीपत पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने चीतल और शिकारी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। गांव में पूछताछ के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शिकारियों के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्व यादव समाज बिलासपुर का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को लाल बहादुर शास्त्री शाला मैदान स्थित पं.देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह आयोजित किया गया। जिला इकाई, नगर इकाई, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को अतिथियों ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यादव समाज के सभी पदाधिकारी अपने कार्यकाल में समाज हित में तय किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। शिक्षा एवं व्यवसाय के क्षेत्र में समाज के लोगों को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए नगर पालिक निगम के महापौर रामशरण यादव ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का गणना कर सूची बनाना है। जिससे राजनैतिक, समाजिक और अन्य क्षेत्रों में इससे समाज को सफलता प्राप्त होगी। समाजिक एकता हम सभी जवाबदारी है। प्रत्येक माह यादव समाज की बैठक होना चाहिए। जिससे समाजिक गतिविधियों को एक नई दिशा मिलेगी।

यादव समाज का अलग स्थान है : सांसद साव

अति विशिष्ठ अतिथि सांसद अरुण साव ने कहा कि सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में यादव समाज समाज की तरक्की हो ऐसा कार्य करना है। यदुवंशी समाज एक अलग स्थान रखता था। समाज को जब किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ेगी तो निश्चित रूप से सभी को आगे रहना हम सभी का दायित्व है। पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसुदन यादव ने कहा कि समाज की व्यवस्था के लिए कार्य करे।

समाज को जोड़ना कठिन काम है : विधायक यादव

चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि सबसे कठिन काम है समाज को संगठित करना। हमें पूर्ण रूप से संगठित रहना है। पूरे प्रदेश में यादव समाज फैला है और हमें सभी को साथ लेकर चलना है जिससे राजनैतिक, प्रशासनिक, व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्र में समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना है।

स्व सहायता समूहों को किया गया कृषि यंत्रों का वितरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड कोटा के शासकीय उद्यान रोपणी करगीकलॉ में स्व सहायता समूहों को कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में खनन प्रभावित ग्रामों के गोठानों में काम करने वाली महिला स्व सहायता समूहों को जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान द्वारा 14 नग रोटरी ट्रीलर एवं 14 नग पल्वराईजर मशीन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक उद्यान बिलासपुर सी.डी.सिंह, उद्यान अधीक्षक एस.आर. नाग, कृषि सभापति ज्योति भानू प्रताप कश्यप, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, सुरेश सिंह चौहान, जयराज सिंह दीक्षित, अरूण त्रिवेदी, संजू ठाकुर, सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शनि मंदिर के साथ ही हनुमान मंदिरों में भी पूजा अर्चना किया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। शनि देव मंदिर में शनि जयंती, पुराना बस स्टैंड में स्थित शनि मंदिर में शनि अमावश्या पर विशेष पूजा अर्चना किया गया और साथ ही भंडारा का आयोजन किया गया। शनि मंदिर के साथ ही हनुमान मंदिरों में भी पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। शनि जयंती के उपलक्ष्य में शनि मंदिर में रंगरोगन कर आकर्षक लाइटिंग कर साज-सज्जा के साथ पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात दोपहर में भोजन, प्रसाद भंडारा का आयोजन किया किया गया।

शनि अमावश्या पर पीपल के पेड़ो का भी विशेष महत्व रहता है। पीपल के पेड़ में ब्रह्म वास माना जाता है इसलिए आज सुबह से ही श्रद्धालु जन पीपल के पेड़ की विशेष पूजा अर्चना किया। नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो में भी शनि अमावस के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना किया गया। सुबह से ही शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शनि मंदिरों में तेल एवं काला तिल सहित काला कपड़ा शनि देव में चढ़ाते रहे। पुराना बस स्टैण्ड स्थित साई मंदिर के पास शनि मंदिर शनि अमावश्या पर विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के पश्चात हवन का भी आयोजन किया गया श्रद्धालु जन गिले कपड़ो में ही शनि देव की पूजा अर्चना की हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुराना बस स्टैंड स्थित शनि मंदिर में 25 मई गुरूवार को प्रातः 6 बजे से शाम 5.30 बजे तक विशेष पूजा अर्चना के साथ दोपहर से भोजन, प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। शनि जंयती के इस अवसर पर मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। पुजारी सतीष पाठक ने बताया कि संतान की इच्छा पूर्ण न कर पाने के कारण ही शनिदेव को उनकी पत्नी ने कुदृष्टि का श्राप दिया था, तभी से उनकी नजर जिस पर भी पड़ती है, उसका अनिष्ट हो जाता है। अनचाही अनिष्ट से दुखी होकर शनिदेव ने भगवान शंकर की घोर तपस्या की और लोगों को कर्मानुसार दंड देने का अधिकार प्राप्त कर लिया, तभी से मृत्युलोक के न्यायाधीश हो गए हैं। तप के प्रभाव से उन्होंने अन्य ग्रहों से सात गुना ज्यादा शक्ति अर्जित कर ली। मंदिर के इस आयोजन को सफल बनाने में पं. संतीष पाठक, श्रीमति प्रमिला चैरसीया , शुभम चैरसीया, अनिल तम्बोली ,गोकलेश सिंह ठाकुर, संदीप कोटड़िया, किशोर पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन जूटे रहे।

लाइब्रेरी से लाखों की किताबें चोरी, एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लिया जायजा

चिरमिरी/नवप्रदेश। अविभाजित छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के सबसे पुराने कालेजों मे शुमार 1953 में स्थापित शासकीय लाहिड़ी स्नात्कोत्तर महाविद्यालय जहां से 50 हजार से ज्यादा किताबें चारी होने का मामला सामने आया है। जिसकी जानकारी के बाद लाहिड़ी पीजी कॉलेज के एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने पहुंचकर इसका जायजा लिया। ज्ञात हो कि चिरमिरी शहर में 1953 से संचालित शासकीय लाहिड़ी पीजी कालेज 6 दशक पूर्व का अपने आप में प्रख्यात कालेजों में से एक रहा है। जहां से कई शासकीय, प्रशासनिक व राजनितिज्ञों ने इस महाविद्यालय से अध्यापन कर क्षेत्र को गौरवांवित किया है। इसी कालेज में अपनी तहर का नया मामला सामने आया है। जिसमें कालेज की लाईब्रेरी से 50 हजार से ज्यादा किताबे चोरी होने का है। इस मामले में महाविद्यालय परिसर पहुंचे पूर्व छात्रों के एल्युमिनी एसोसिएशन अध्यक्ष व पूर्व छात्र श्याम बिहारी जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर उन्होने इसका जायजा लिया। इस दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि यह कालेज ही नहीं है विद्या के मंदिर के साथ साथ चिरमिरी के धरोहर एवं प्रगति की महत्वपूर्ण कडी है। जिसको स्व. विभूति भूषण लाहिड़ी ने एक दूर दृष्टता के साथ इसकी स्थापना की थी। यहां सर्वसुविधायुक्त प्रोफेसर कॉलोनी, लाइब्रेरी, स्टाफ कक्ष, लैब, हर फेकल्टी के लिए रूम, आडिटोरियम, कैंटिन छात्राओं के लिए कॉमन हॉल था। एक-एक करके सभी की दशा और दिशा

बदली है। 6 दशक पुराने इस महाविद्यालय से मैने भी अपनी एमएससी की पढ़ाई पूर्ण की है। छात्रों के लिए लाइब्रेरी एक बहुत महत्वपूर्ण जरिया होता है अध्ययन करने के लिए क्योंकि हमने भी लाइब्रेरी से सभी किताबे लेकर अपनी पढ़ाई पूरी की है। यहा आज मै खुद देख रहा था कि सन् 1930 की किताबें अभी भी लाइब्रेरी में है जो अध्ययन के लायक है। कई लोगों का कहना है कि सिलेबस से बाहर हो चुकी है किताबें तो मै उन्हे बताना चाहता हूं कि यहां जो भी किताबें थी वे सभी अध्ययन के लायक थी और रिफ्रेंस के रूप में छात्रों को उनकी जरूरत हमेशा पड़ती है। यह महाविद्यालय केवल एक महाविद्यालय नहीं ही वरन हमारे जैसे पूर्व छात्रों के लिए एक धरोहर और हमारी मां के समान है, यहां से हमारी बहुत सी भावनाएं जुडी हुई है। यदि महाविद्यालय के साथ कुछ भी गलत होगा तो हम उसके लिए हमेशा खड़े रहेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे। पुलिस प्रशासन से भी मेरा आग्रह है कि जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दे और त्वरित कार्यवाही करते हुए उन सभी बेशकीमती किताबों को वापिस कालेज तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही जो भी दोषी हो उनपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो। क्योंकि सभी किताबें कई दशक पुरानी और आज किसी कीमत पर उपलब्ध नहीं हो सकती है वे सभी बेशकीमती धरोहर है आने वाली पीढ़ी के लिए। किताबें यदि नहीं मिलती है तो कॉलेज में अध्ययन किए पूर्व छात्रों का संघ इसके लिए आंदालन करने को बाध्य होगा। बहरहाल जहां चिरमिरी कोयलांचल क्षेत्र में अभी तक कोयला, कबाड़, शराब व जुआ-सट्टा का अवैध धंधों की चर्चा बनी रहती थी। लेकिन अब 50 हजार से ज्यादा किताबों की चोरी का यह अपने आप में अनूठा मामला है। लेकिन कालेज की इन किताबों से पढ़कर यहां से निकले छात्रों के लिए यह भावनात्मक जुडाव का मुद्दा बन चुका है।

क्या कहती हैं प्राचार्या

प्राचार्य आरती तिवारी ने बताया कि 17 तारीख को जब मैं कॉलेज आई हूं तो मुझे लाइब्रेरी के प्रभारी ने बताया कि पुरानी लाइब्रेरी का ताला टूटा हुआ है। फिर अन्य स्टॉफ को भेजकर देखने को कहा जिसके बाद स्टाफ ने बताया कि सभी आलमारियों से किताबें गायब है। इसके बाद हमने तुरंत चिरमिरी थाने में लिखित सूचना भेजी। मैं खुद इस महाविद्यालय से 2 दशकों से जुडी हुई हूं। यह घटना मुझे भी आश्चर्य चकित कर गई है।

अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

टीआई कमलकांत शुक्ला ने बताया कि मामला हमारे ग्रंथपाल के द्वारा किताबें चोरी होने की सूचना पर धारा 457, 380 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रथम सूचना पत्र के बाद सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। विवेचना उपरांत आगे हम कुछ कह पायेंगे।

विवाद होने पर भाई ने बहन का कुल्हाड़ी से काट दिया गला, मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में एक युवक ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। वो अपनी बहन के घर गया था। यहीं विवाद हुआ तो उसने कुल्हाड़ी से गले में हमला किया। जिससे उसका गला कट गया और उसकी मौत हो गई है। मामला चैत्मा चौकी क्षेत्र का है। तेलसरा गांव के लालमिट्टी मोहल्ले में करीब 12 से ज्यादा पंडो जनजाति के लोग रहते हैं। यहीं इसी जाति का दादन राम भी रहता है। दादन ने अपनी बेटी गीता पंडो(30) की शादी गांव में ही मदद राम से की थी। दोनों गांव में रहते थे। बताया गया है कि रविवार दोपहर में गीता का भाई चेतराम पंडो(35) घूमने के लिए अपनी बहन के घर गया था। यहीं उसका विवाद उसकी बहन से हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उसने कुल्हाड़ी निकाला और अपने बहन के गले में कई वार किए। इसके कुल्हाड़ी युवती के गले में फंस गया। साथ ही उसका कला भी कट गया और उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त गीता का पति बाहर की तरफ था।। वहीं वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था। इधर, चीख पुकार सुन गीता का पति मौके पर पहुंचा, तब तक गीता की जान जा चुकी थी। मौके से चेतराम भी फरार था। जमीन पर सिर्फखून ही खून था। इसके बाद पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई।

आज 9 जगहों पर आयोजित किए जाएंगे राजस्व शिविर

धमतरी/नवप्रदेश। राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 31 मई को जिले के नौ स्थानों में राजस्व शिविर लगाए जाएंगे। इनमें धमतरी तहसील के रांवा और डोंड़की में राजस्व शिविर लगाया जाएगा। शिविर स्थल रांवा में ग्राम रांवा और तरसींवा तथा डोंड़की में ग्राम डोंड़की, बलियारा, सांकरा और बोड़रा के ग्रामीण शामिल होंगे।

सीसी सड़क निर्माण में अनिमियतता के साथ नियमों की हो रही अनदेखी!

■ **मामला राष्ट्रीय उद्यान के शासकीय कैंपस में चल रहे निर्माण कार्य का**

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिला अंतर्गत कोरिया वन मंडल, मनेन्द्रगढ़ वन मंडल व गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान स्थित है। जहां इन दिनों तीनो वनमंडल में प्रभारी रेंजरों के द्वारा कराए जा रहे कार्यो को लेकर जिला हमेशा सुर्खियों में रहता हैं फिर भी वन क्षेत्रों में चल रहे कार्यो को लेकर कोई सुधार नहीं हो रहा। जहां प्रभारी रेंजर अपने नियम अनुसार ही कार्य करा रहे। जबकि शासकीय रिकार्ड में कार्य की गुणवत्ता के नियम कुछ और ही है। फिर भी जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों वन मंडल के वन परिक्षेत्रों में अधिकांश में डिप्टी रेंजरों को जुगाड़ से रेंजर पद पर तैनात किया गया है जो कहीं न कहीं बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। प्रभारी रेंजरों की करामात ऐसी है जैसे दूध में से मलाई छानी जाती है ऐसा इसलिए क्योंकि इनके द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता बद से बत्तर नजर आती है। शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं होती जिससे मिलीभगत की भी आशंका व्याप्त है। चाहे वह वन परिक्षेत्रों में कई स्थानों में चल रहे सीसी सड़क व स्टॉप डेम निर्माण के साथ ही तालाब निर्माण का ही कार्य क्यों न हो सभी कार्य विभागीय तौर पर ही किया गया है। जो कि हमेशा भुगतान व कार्य को

लेकर जिले में चर्चित ही रहे। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय कार्यालय गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के कैम्पस व अधिकारी निवास में वन परिक्षेत्र कार्यालय सोनहत द्वारा मुख्य मार्ग से शासकीय कार्यालय व मुख्य मार्ग से निवास कैम्पस तक लगभग 4.30 लाख की लागत राशि से 150 मीटर का सीसी सड़क निर्माण कार्य जारी है। वन विभाग ने सड़क निर्माण का बेड़ा उठाया है। यह सड़क मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यालय को जोड़ता हैं जो की कर्मचारियों की आवाजाही का मुख्यमार्ग है। कार्य स्थल का नवप्रदेश की टीम ने जायजा लेने से पहुंचे तो साफ दिखाई दिया कि वन विभाग द्वारा सीसी सड़क में भारी अनिमियतता बरती जा रही है जिससे निर्माण कार्य की पोल खुल रही है।

इस तरह निमयों की हो रही अनदेखी

भीषण गर्मी में सीसी सड़क का निर्माण बिना पॉलीथिन पन्नी लगाए ही कर दिया जा रहा जिससे भविष्य में दरार आने की संभावना है। सीसी रोड में मटेरियल के साथ सीमेंट भी कम डालने की सुगबुगाहट है। मेटल भी 20 एमएम की बजाय 30/20 व 40 मिक्स डाला जा रहा जो कि तकनीकी प्रतिवेदन से भिन्न हैं जिससे बिल्कुल ही सीसी रोड कार्य मे गुणवत्ता मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। सीसी रोड में वाइब्रेटर भी नहीं चलाया जा रहा है। झिल्ली तो दिखना चमत्कार से कम नहीं, कार्य देखरेख के लिए वन कर्मचारी को रखा गया था। फिर भी मजदूरों के भरोसे काम को करवा रहे थे। उनको ये भी नहीं मालूम की सीसी रोड में मटेरियल कितना डालना है। कार्य प्रगति का बोर्ड विभाग द्वारा नहीं लगाया गया है। सीसी रोड में कार्य वन विभाग की अनिमियतता साफ दिखाई दे रहा है। अगर सीसी रोड में मटेरियल सही ढंग नहीं डाला गया तो एक दो वर्ष में में सड़क खराब होने की संभावना है। इस संबंध में वन कर्मचारी बालेश तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि सीसी सड़क कार्य में कोई अनिमियतता नहीं बरती जा रही है जैसा रेंजर ने निर्देश दिया है उसी अनुसार कार्य हो रहा है।

महंगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता के लिए सौंपा ज्ञापन

केशकाल/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता तथा गृह भाड़ा भत्ता की 2 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रदेश व्यापी चरणबद्ध आंदोलन आज से प्रारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ कर्मचारी फेडरेशन केशकाल द्वारा एसडीएम कार्यालय में कर्मचारी अधिकारी ने प्रदर्शन कर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम चरणबद्ध आंदोलन का नोटिस व मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के तहत प्रथम चरण में 30 मई को प्रदर्शन व ज्ञापन, द्वितीय चरण में 29 जून को अवकाश लेकर राजधानी रायपुर में महारैली, तृतीय चरण में दिनांक 25 से 29 जुलाई को पांच दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल, चतुर्थ चरण में समस्त कर्मचारी अधिकारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दी गई है। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ के मार्गदर्शन में यशवंत सिंह, अध्यक्ष, छ ग तृतीय वर्ग शास कर्मचारी संघ, प्रकाश साहू,संयोजक केशकाल, माखन राम कोमरा अध्यक्ष शिक्षक संघ, कौशल नेताम अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ, सुखदेव नेताम, मुकेश यादव, सुमेर सिरदार, संजय नेताम के अलावा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत, की पूजा अर्चना

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम बेवरती के सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहित जीवन व परिवार के खुशहाली के लिए सोमवार को वट सावित्री का व्रत रख कर पूजा अर्जना किया। ग्राम बेवरती में वट सावित्री व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में उत्साह का माहौल था। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रख कर अपने परिवार के खुशहाली एवं पति की दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर वट वृक्ष की पूजा अर्जना किया। ग्राम के सुहागिन महिला प्रीति शर्मा, रजनी दुबे, नेहा चौरसिया, गंगा साहू ने बताया की माता सावित्री ने अपने पति के प्राण बचाने के लिए यह वट सावित्री का व्रत रखा था। इसी प्रकार ग्राम पटौद में भी विजयलक्ष्मी निषाद, विणा साहू, पदमा निषाद, भारती साहू सहित अनेकों महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा दोपहर को वट वृक्ष के नीचे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। कोदोभाट में रजनी राजपूत ने उपस्थित महिलाओं को पूजा अर्चना के बाद सत्यवान की कथा सूनाई। इसके बाद वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा करते हुए, कुंवारी धागा लपेट कर परिवार की खुशहाली एवं पति की लम्बी उम्र की कामना की। इस मौके पर गायत्री दिखीत, पूजा ठाकुर, रजनी राजपुत, मिनाक्षी वर्मा संयुक्ता ठाकुर, सती ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, डॉ, श्यामअली, रामेश्वरी गौतम, छाया गौतम आदि मौके पर रहे।

जनसहयोग ने पेश की मानवता की मिशाल, विक्षिप्त को दिया नया जीवन

कांकेर/नवप्रदेश। जन सहयोग समाजसेवी संस्था शहर में अपने उल्लेखनीय कार्यों के लिए बहुत बड़ी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी है। किंतु रविवार को इस संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में इस संस्था ने मानवता की सेवा का ऐसा विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो अद्भुत है और चारों ओर प्रशंसित हो रहा है।विक्षिप्तता व भूख प्यास के कारण मृत्यु की ओर धीरे-धीरे बढ़ रहे व्यक्ति को नई जिंदगी देने से बढ़कर पुण्य और किस कार्य में हो सकता है। रविवार को अपने नियमित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जन सहयोग के सदस्य कलेक्टोरेट मार्ग पर श्रमदान कर रहे थे।उसी समय शहर के वरिष्ठ नागरिक व्यवसायी हेमंत टांकसाले ने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को सूचित किया कि निकट ही घूमते रहने वाले एक

व्यक्ति की हालत बहुत खराब हैऔर यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह भूख प्यास और धूप से दम तोड़ सकता है। तत्काल उसे देखा गया तो पाया गया कि वह कचरे के ढेर में फेंका हुआ भोजन खा रहा था। महीनों से वह नहाया भी नहीं था और बाल तथा दाढ़ी डराने की हद तक बढ़ गए थे। जन सहयोग संस्था के सदस्यों ने तत्काल उसके नहाने की व्यवस्था की और अजय पप्पू मोटवानी ने साबुन और शैंपू से उसे नहला कर स्वच्छ कर दिया। उसके कपड़ों की हालत यह थी कि धूल के कारण बटनों का खोलना असंभव था, जिन्हें चाकू से काटना पड़ा शुरू में वह व्यक्ति घबराया किंतु अजय पप्पू मोटवानी ने उसे आश्वासन देते हुए इतने विश्वास में ले लिया कि वह पागल सहयोग देने लगा और इनकार करना छोड़ दिया। उसके लिए नए कपड़ों का प्रबंध किया गया। फिर धूप तथा सीसी रोड की हालत देखकर उसके लिए चप्पल भी मंगवाए गए, जिन्हें अध्यक्ष ने अपने हाथों से उसे पहनाया। इस बीच सेलून में ले जाकर उसकी शेविंग ड्रेसिंग आदि भी कर दी गई। सेलून के मालिक ने भी इस मानवीय कार्य में सहयोग के लिए कोई फीस लेने से साफ इनकार कर दिया। तत्पश्चात कई दिनों से भूखे उस विक्षिप्त व्यक्ति को एक अच्छे से शाकाहारी भोजन भी कराया गया।

किसानों को जिमीकंद हल्दी की जैविक खेती करने मिला प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। गौठान ग्राम बेलोंड़ी का आश्रित ग्राम चिचगांव में महिला किसान सुधिया बाई ध्रुव के यहां आत्मा योजनान्तर्गत जिमिकंद एवं हल्दी का अंतरवर्ती फसल के रूप में गौ मूत्र से कंद उपचार कर नेट हाउस पर टपक सिचाई में लगवाया गया। प्रादान सामग्री दो सौ किलो जिमिकंद चालीस किलो हल्दी वर्मी कम्पोस्ट दो किवंटल दी गई। महिला कृषक को जिमिकंद, हल्दी के साथ मल्टीलेयरिंग के रूप में सब्जी लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस जिमीकन्द हल्दी को किसान रासायनिक उर्वरक के उपयोग किए बगैर खेती करेंगे बल्कि इसमें गौ मूत्र, जीवामृत को टपक सिंचाई के माध्यम से फसल को देंगे जिमीकंद या सूरन एक भूमिगत कंद है जो इसकी उपज क्षमता तथा पाक गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहा। उच्च उपज, गैर-तीखेपन वाले किस्मों के प्रवेश के कारण इसे पूरे भारत में व्यावसायिक उत्पादन हेतु अपनाया जा रहा। यह कार्बोहाइड्रेट और खनिजों जैसे कैल्शियम और फॉस्फोरस से समृद्ध है।

मनरेगा कर्मियों के दो सूत्रीय मांगों को पूरा करने अजजा आयोग के सदस्य ने सीएम को लिखा पत्र

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य अनु. जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई ने मनरेगा कर्मियों के दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की है। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई ने बताया कि विगत 4 अप्रैल 2022 से हड़ताल में बैठे छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ कांकेर के पदाधिकारी उनके कार्यालय में मुलाकात कर मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं मनरेगा कर्मचारियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू करने के विषय में चर्चा किया तथा जल्द से जल्द निराकरण की बात कहीं। मनरेगा अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे। अपने पत्र में कहा कि पूरे भारत वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना लागू होने के बाद से

मनरेगा के कर्मचारी विगत 16 वर्षो से संविदा पर कार्य कर रहें हैं। इनका मुख्य काम ग्रामीण अधोसंरचना का निर्माण करते हुए ग्रामिणों की सामाजिक स्थिति में सुधार एवं आर्थिक स्थिर को मजबूत करना है। मनरेगा के कर्मचारी हितग्राही मूलक कार्यो का संचालन, पंचायतों के मनरेगा दस्तावेजों का संधारण, मांग पत्रों का संधारण, जाबकार्ड प्रदाय सहित पंचायतों के सोशल आडिट संबंधित कार्यो को भी करते है। संचार क्रान्ति के युग में वे मोबाईल मॉनिटरिंग के माध्यम से पंचायत के कार्यो का बाखूबी निर्वाहन करते है। दूसरे शब्दों मे कहें तो वे जनता और पंचायत के मध्य बीच की कड़ी का कार्य करते है। प्रदेश में इनके कुल पदों की संख्या 11 हजार है जिसमें से लगभग 966 कर्मचारी कार्यरत है। जनता के मांग आधारित कार्यो को किये जाने के कारण इनका और भी ज्यादा महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के मैदानी हिस्से को छोड़ दे तो बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में इनका दायित्व और भी बढ़ जाता है। अतः इनको नियमितीकरण किया जाय और इनका सेवा नियम बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मनरेगा के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया है कि वे बहुत जल्द उस विषय को लेकर व्यक्तिगत रुप से मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तक विभाग के सचिव से मिलकर चर्चा भी करेंगे तथा इनके लिये बनाई गई कमेटी के सिफारिशों को जल्दी लागू करने की बात कहेंगे।

धर्मांतरित जनजातियों को आरक्षण से वंचित करने की मांग, निकाली महारैली

कांकेर/नवप्रदेश। धर्मांतरित जनजातियों को मिलने वाले लाभ से वंचित कराने डीलिस्ट की मांग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच जिला कांकेर द्वारा डीलिस्टिंग महारैली सभा का आयोजन मेलाभाटा कांकेर मे आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता धमधागड़ राजपरिवार के सदस्य मंगलदास ठाकुर ने कहा कि हमारे सैकड़ों हजारों पीढ़ी ने अनेक कष्ट अभाव में रहकर भी अपने धर्म को नहीं छोड़ा पर आज लोग थोड़े लालच में आकर विधर्मी बनकर अपने धर्म संस्कृति पूर्वजों से गद्दारी कर रहे। एक आतंकी जब कुछ लोगों की हत्या करता है आतंक फैलाता है तो उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगा कार्यवाही होता है तो आज मिशनरी जब लोगों को धर्मांतरित करता है तो वो हमारे समाज परंपरा परिवार को बर्बाद करता है इसलिए मिशनरियों पर भी रासुका जैसे कानून लगा कर कार्यवाही करने के आवश्यकता है। आज धर्मांतरित लोग अपने धर्म को छोड़ने के बाद भी आदिवासी के सारे लाभ लेकर असली आदिवासी का अधिकार मार रहे है जिस पर हमे जागने और समाज को जगाने की आवश्यकता है इसीलिए हमारी सरकार से मांग है की धर्मांतरित लोगों को आदिवासी के लाभ से वंचित कराने के लिए सरकार कानून बनाकर ऐसे लोगों को आदिवासी की सूची से डीलिस्ट करने डिलिस्टिग हेतु कानून बनाए। बस्तर सांस्कृतिक सुरक्षा मंच के संयोजक महेश कश्यप ने कहा कि जो समाज अपनी संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकता वो समाज इतिहास बन जाता है।

खाद पर रार : कांग्रेस ने केंद्र को, आप ने कांग्रेस को ठहराया दोषी

राज्यसभा के लिए छग से राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन नाम तय

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने राजीव शुक्ला व रंजीत रंजन को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए उम्मीद्वार घोषित किया है। राजीव शुक्ला जाने माने पत्रकार रहे हैं। रंजीत रंजन, बिहार के बाहुबली नेता पप्पू यादव की पत्नी हैं। वहीं भाजपा छग से राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। दोनों नेता सोमवार को रायपुर

प्रदेश में गहराते खाद संकट के लिए नेताओं की जुबानी जंग जारी है कांग्रेस केंद्र सरकार पर खाद की आपूर्ति में कोताही बरतने का आरोप लगा रही है जबकि आम आदमी पार्टी ने प्रदेश को दोषी ठहराया है।

खाद की आपूर्ति में कोताही बरत रहा केंद्र : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने केंद्र सरकार पर रासायनिक खाद के उत्पादन, सप्लाई और सब्सिडी में कटौती करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विगत रबी सीजन में राज्य द्वारा मांगे गए 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन रासायनिक खाद में केंद्र ने 45 प्रतिशत कटौती कर दी थी और अब आगामी खरीफ सीजन में भी नियमित सप्लाई बाधित की जा रही है। रेलवे का रैक नहीं दिया जा रहा है। विदित हो कि संघीय व्यवस्था के तहत रसायनिक खाद का उत्पादन, वितरण और वितरण केंद्र सरकार का दायित्व है। खरीफ सीजन 2022 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की मांग पर 13.70 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक छत्तीसगढ़ को देने की स्वीकृति दी गई है, परंतु अब तक आपूर्ति 2.5 लाख मीट्रिक से भी कम है। आने वाले 10-15 दिनों में खरीफ की बुवाई और थरहा देने का कार्य आरंभ हो जाएगा। जिसके लिए सभी किसानों को उर्वरक की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही सुदूर वनांचल, नदी नाला प्रभावित क्षेत्रों और पहुंच मार्ग विहीन गांवों की सहकारी समितियों के गोदाम में पूरे खरीफसीजन के लिए भंडारण मानसून आने से पहले ही करना होगा।

प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में भी खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी में केंद्र की मोदी सरकार ने 35 हजार करोड़ की कटौती की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपाई स्थानीय गोठानों में छत्तीसगढ़ के महिला स्व-सहायता समूह की बहनों के द्वारा निर्मित वर्मी कंपोस्ट का विरोध करके छत्तीसगढ़िया और महिला विरोधी चरित्र को प्रदर्शित कर रहे हैं।

यूरिया संकट से मुश्किल में अन्नदाता : आप

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन सचिव (संगठन विस्तार) गोपाल साहू ने खाद संकट को लेकर प्रदेश सरकार पर किसानों से दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। आप ने कहा खरीफ की फसलों की खेती के लिए एक बार फिर खाद का संकट गहरा गया है। प्रदेश के अन्नदाता मुश्किल में हैं। आज स्थिति यह है कि पर्याप्त खाद की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सहकारी समितियों से किसान बैरंग लौट रहे हैं। प्रदेश में अब तक केवल 32 फीसदी उर्वरक का वितरण ही हो पाया है और कई समितियों में यह स्टॉक खत्म भी हो गया है। कुछ सहकारी समितियां तो ऐसी जहां पोटाश की कमी है। इससे किसानों को बैरंग लौटना पड़ रहा है जबकि इस बार फसल बोआई के लक्ष्य में 55 हजार हेक्टेयर की वृद्धि की गई है। कृषि

विभाग के आंकड़ों की मुताबिक इस खरीफ सीजन में 13.70 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन खाद की आवक नहीं होने के कारण 6.45 लाख मीट्रिक टन ही भण्डारण हो सका है। इनमें से अब तक 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का ही वितरण किया गया है। खरीफ सीजन 2021-22 में जिन पंजीकृत किसानों ने समिति से ऋण के रूप में यूरिया खाद का परमिट कटाया था जिसका पैसा धान बेचने के बाद लिंकिंग से काट लिया गया है। उन किसानों को भी यूरिया खाद अब तक नहीं मिल पा रहा है।

आप ने कहा कि प्रदेश सरकार का कहना है कि डीएपी और सुपर फॉस्पेट का पर्याप्त भंडारण है। वहीं प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे बयान देते हैं कि प्रदेश में खाद का संकट रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से है।

नाचा के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्था/नाचा दल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके तहत जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर जिले में 90 स्थानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके तहत गत् दिनों अभनपुर विकासखंड के ग्राम टोकरो, मानिकचौरी, बेलडीह, उगेतरा, मंदलौर, कठिया, जौंदी और जोंदा में तथा धरसीवां विकासखंड के ग्राम परसतराई, कपसदा, तिवरैया, सिलतरा, धनेली, साकरां में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सरल, सहज और सरस तरीके से तथा हिंदी ए व

छत्तीसगढ़ी भाषा के माध्यम से इन प्रस्तुतियां के द्वारा राज्य शासन की फ्लेगशिप योजनाओं गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जैनरिक स्टोर तथा नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

महिला आयोग की अध्यक्ष नायक आज व कल करेंगी रायपुर में प्रकरणों की सुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा डॉ किरणमयी नायक 31 मई और 1 जून (दो दिन) को रायपुर जिले के प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। यह सुनवाई प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य निर्वाचन आयोग के बाजू शास्त्री चौक राज्य महिला आयोग कार्यालय में होगी। महिलाओं के उत्पीडन से संबंधित प्राप्त प्रकरणों पर सुनवाई करेगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में उपस्थित होगे। उपस्थिति हेतु सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगे। चेहरे, मुंह और नाक को ढकते हुए तीन लेयर वाले मास्क या मोटा कपड़े का रूमाल बांध कर आएंगे। सुनवाई के दौरान पक्षकारो के लिए सेनेटाईजर एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

कैवल्यधाम जैन तीर्थ में 15 दिवसीय जैन संस्कार बालिका शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। कैवल्यधाम जैन तीर्थ में 15 दिवसीय जैन संस्कार बालिका शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बच्चे जीवन संस्कार के नए-नए गुण सीख रहे हैं। सुबह बच्चों द्वारा नवाणु यात्रा की जा रही है जिसमें सभी बच्चे कैवल्यधाम तीर्थ के मंदिरों में विधिवत वंदना कर रहे है। इसके बाद पूजा पाठ संपन्न करके गुरु भगवंतों के प्रवचन से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

रविवार को शिविर में ट्रेनर राजेश सांखला ने इफेक्टिव पब्लिक स्पिकिंग की क्लास ली। उन्होंने कहा कि आप जिस विषय पर, जिस जगह और जिन लोगों के सामने स्पीच देने वाले हैं, उनके अनुसार अपनी तैयारी करें। इसके लिए लगातार प्रेक्टिस करते रहे। आपका कंटेंट अच्छा होना चाहिए। हमेशा ऐसी बातें करें जिससे ऑडियंस आपसे जुड़े रहे। लोगों से आई कनेक्ट बना कर रखें। आप जिस भी विषय पर अपनी बात कह रहे है उसके प्रति सकारात्मक रहें। खुद में आत्मविश्वास और उत्साह रखें। भाषण के लिए जितना समय

दिया गया है उतने में ही अपनी बात पूरा करने की कोशिश करें। उन्होंने इस दौरान स्टेज के फियर को दूर करने के लिए सभी को एक एक करके स्टेज में आकर बोलने के लिए भी कहा गया। शिविर के संयोजक पंकज चोपड़ा ने बताया कि शिविर में धर्म, संस्कार, जीने की कला, व्यावहारिक शिक्षा दी जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ के साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के 350 से ज्यादा लड़कियां शामिल हुई है।

कमजोर वर्ग की पढ़ाई, बच्चियों की शादी और स्वास्थ्य हेतु इलाज में समाज का योगदान करें : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा नेता, विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, समाज में कमजोर वर्ग की पढ़ाई, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बच्चियों की शादी और स्वास्थ्य हेतु इलाज में समाज का योगदान करें। छत्तीसगढ़ राज्य केशरवानी वैश्य सभा के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उनके समाज प्रदेश और राष्ट्रहित में तत्परता से काम करने हेतु आह्वान किया।

बृजमोहन ने कहा कि, समाज तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक की वह अपने पूर्वजों को और जिनके कारण उनका वैभव बढ़ा है, सम्मान बढ़ा है, उनको जब तक याद नहीं करेंगे, तब तक हमको भी कोई याद नहीं करेगा। केशरवानी समाज का नाम कश्मीर के केशर से पड़ा है और केशरवानी समाज की नई पीढ़ी को पता होना चाहिए कि उनके पूर्वज कहां से आए हैं, केशरवानी समाज का काम ही सुगंध फैलाना है, जैसे केशर हमारे स्वास्थ्य को अच्छा रखता है, जैसे दूध में केशर डालने से उसका औषधि गुण बढ़ जाता है या किसी भी चीज में केशर डालने से उसका औषधि गुण बढ़ जाता है, वैसे ही समाज में केशरवानी समाज हमारे समाज को आगे बढ़ाता है।

समाज में यदि कोई आर्थिक रूप से कमजोर है तो उनके बच्चे को पढ़ाओ समाज में कोई आर्थिक रूप से कमजोर है तो उस परिवार के बच्ची की शादी कराना कोई आर्थिक रूप से कमजोर है अस्वस्थ है तो उसका इलाज कराना

जिस दिन इन तीन कामों को हम करना शुरू कर देंगे तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

समाज को यदि मजबूत करना है तो आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों के तरफध्यान देना पड़ेगा उन्हें मजबूत करना पड़ेगा तब हमारा समाज मजबूत होगा आगे बढ़ेगा आगे बृजमोहन ने कहा कि, लोग जब पूछते हैं भैया आप लगातार जीतते कैसे हो तो मैं लोगों से कहता हूं की मेरे सात बार जीतने का मूल मंत्र है सेवा करना और लोगों से अच्छा व्यवहार करना।

इस कार्यक्रम में केशरवानी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक केशरवानी, महामंत्री निलेश गुप्ता जी, श्रीमती विभा केशरवानी जी, आरती राजेश गुप्ता जी, आलोक गुप्ता जी और सभी नए पदाधिकारीगढ़ और सदस्य और समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

एआईसीसी के छग प्रभारी पीएल पुनिया पहुंचे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 30 मई सोमवार को रात्रि 7.45 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेगे। रात्रि 8.30 बजे सर्किट हाउस रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक में भाग लेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 31 मई मंगलवार को स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 01 और 02 जून को छत्तीसगढ़ में उदयपुर नव संकल्प के क्रियान्वयन पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए कार्यशाला में भाग लेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 3 जून शुक्रवार को सुबह 8.55 बजे रायपुर से दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

विधायक बृजमोहन ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात की 89वें कड़ी को आज सिविल लाइन मंडल के सर्वोदय नगर बस्ती में कार्यकर्ताओं व बस्ती के रहवासियों के साथ बैठकर सुने। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी हर महीने के आखिरी रविवार में मन की बात करते हैं और मन की बात में प्रधानमंत्री जी जो भी हमारे देश में कलाकार, नौजवान आदि अच्छे लोग होते हैं उनके बारे में बताते हैं, जो अच्छा काम करते हैं ताकि और लोग प्रेरणा ले। हम लोग हर महीने के आखिरी रविवार में ऐसे ही अपने अलग-अलग मोहल्ला में जाकर सबके बीच बैठकर प्रधानमंत्री जी की बात को सुनते हैं और लोगों को प्रेरणादायक बातें सुनाते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हैं।

आगे बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल की भाजपा सरकार में एक रुपए किलो चावल मिलता था मोहल्ला में सड़क निर्माण, रिंग रोड, पुल-पुलिया, बस्ती में पानी लाना, भवन निर्माण सब भाजपा के कार्यकाल में हुआ था और आज कांग्रेस सरकार में सड़क के गड्ढे भरने हेतु पैसा नहीं है। कांग्रेस सरकार में सिर्फएक ही काम गंभीरता से हो रहा है घर-घर में दारू पहुंचाना। जब कांग्रेस सरकार चुनकर आई थी तब जनता से वादा की थी कि शराबबंदी करेंगे शराबबंदी करने के बजाय अब तो टेलीफोन करके घर पहुंच सेवा दे रही है।

गौठान के माध्यम से महिलाओं में नई ऊर्जा का हुआ संचार

राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों को दिखाया जा रहा है। आज कवर्धा जिले के पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने प्रदर्शनी को देखा और सराहा।प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद कवर्धा के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के सपनों को सफल करने सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से डॉक्टर अब घर-घर पहुंच कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। ग्राम चिल्फी, लूप, सर्वोदय दादर, सालहेवारा जैसे दुर्गम क्षेत्रों से ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

इसी तरह पंडरिया विकासखंड के ग्राम पवनी, अमरपुर, मांठपुर, चारभाटा आदि के ग्रामीणों ने सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सरकार द्वारा विभिन्न किश्तों में दी जा रही राशि जरूरत के समय मिल रहा है। किसानों को अब तीज त्योहारों और किसानी के लिए कर्जा लेने से मुक्ति मिली है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भूमिहीन मजदूर, महिला और युवा लाभान्वित हो रहे हैं।

कवर्धा जिले के बोड़ला ब्लाक के ग्राम पंचायत उसरवाही, समुहपिपर, तारो, बोलदाकला, दुर्जनपुर आदि के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सरपंच श्री घनश्याम साहू और सरइपतेरा की सरपंच श्रीमती कचराबाई गंधर्व ने सरकार की सभी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि गौठान के माध्यम से महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

तंबाकू का उपयोग ना करें, जीएं स्वस्थ जीवन

बीते एक वर्ष में 1,946 लोगों ने छोड़ा तंबाकू, स्वस्थ्य जीवन की ओर अग्रसर हो लोगों को तंबाकू छोड़ने की दे रहे सीख

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष

■ **तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा थीम पर मनाया जाएगा वर्ल्ड नो टोबैको डे, तंबाकू युक्त पदार्थ छोड़ने का होगा आव्हान**

रायपुर/नवप्रदेश। तंबाकू एवं इससे संबंधित उत्पादों का सेवन कर रहे लोगों के लिए हो सकता है इसके सेवन से उनको क्षणिक आनंद का अनुभव होता हो किंतु लंबे समय तक इसका सेवन करने से स्वास्थ्य से संबंधित कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए तंबाकू का उपयोग नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने से मना करना चाहिए। यह कहना है तंबाकू या धूम्रपान छोड़ चुके लोगों का। प्रदेश में बीते एक वर्ष (अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक) में 1,946 लोगों ने तंबाकू और धूम्रपान का सेवन करना छोड़ा हैद्ध इनमें सर्वाधिक लोग सूरजपुर के हैं एवं दूसरा स्थान धमतरी का है। अब यह लोग नशा छोड़ने के लिए अन्य लोगों को प्रेरित भी कर रहे हैं।

कहते हैं लोग 'अब अच्छा महसूस हो रहा' -विगत 35 वर्षों से तंबाकू और गुटखा का सेवन कर रहे बिलासपुर निवासी 59 वर्षीय टेकराम (परिवर्तित नाम) ने अब तंबाकू सेवन छोड़ दिया है।उन्होंने बताया: ÷मैंने पांचवी तक पढ़ाई की है। पारिवारिक स्थिति के चलते कम उम्र में ही मैं काम करने लगा। टैक्सी और ऑटो चलाने के दौरान मैंने तंबाकू और गुटखा खाना शुरू कर दिया। इससे मुझे अच्छा महसूस होता था। शारीरिक परेशानियों को मैं नजरअंदाज करता था, परंतु जब दांत में परेशानी हुई तो मुझे डॉक्टर ने तंबाकू की वजह से सारे दांत खराब होने एवं अन्य परेशानियां होने की बात बताई। तंबाकू छोड़ने के लिए मैं तब तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र गया। एक माह इलाज चला और मैंने तंबाकू छोड़ दिया। अब मैं ठीक हूं दोस्तों को भी तंबाकू छोड़ने को कहता हूं, कुछ ने सेवन छोड़ भी दिया है।

कांकेर निवासी 12 वीं के छात्र 19 वर्षीय राम एवं श्याम (परिवर्तित नाम) ने भी धूम्रपान करना छोड़, अब स्वस्थ जीवन को अपना लिया है। राम का कहना है: पिता के गुजर जाने के बाद मुझे बहुत अकेलापन लगता था। इसके बाद मां ने मुझे कभी भी अकेला नहीं छोड़ा फिर भी मैंने अवसादग्रस्त होकर दोस्तों के साथ धूम्रपान करना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त श्याम भी मेरे साथ सिगरेट पीने लगा। धूम्रपान कर हमें अच्छा लगता था। एक दिन स्कूल में धूम्रपान की वजह से होने वाली स्वास्थ्यगत परेशानियों और तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र के बारे में बताया गया। तब हमने केन्द्र में जाकर काउंसिलिंग ली। एक दो काउंसिलिंग के बाद ही हमने धूम्रपान करना छोड़ दिया, अब पढ़ाई और हर काम में मन लगता है। क्या कहते हैं विशेषज्ञ- दंत रोग विशेषज्ञ एवं राज्य प्रशिक्षक तंबाकू निषेध, डॉ. शिल्पा जैन ने बताया: तंबाकू में नशे की आदत डालने वाला निकोटीन नामक पदार्थ होता है। निकोटीन कुछ समय के लिए बेहत्तर महसूस कराता हैं, लेकिन इसका लंबे समय तक उपयोग, हृदय, फेफड़े और पेट के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करता हैं। इसके लगातार उपयोग करने पर व्यक्ति को इसके सेवन की आदत हो जाती है तथा अंत में व्यक्ति गंभीर स्वास्थ्यगत समस्याओं से पीड़ित भी हो जाता है।

परिवार की खुशहाली और स्वस्थ जीवन के लिए छोड़ा तंबाकू सेवन

■ **बिटिया ने एक दिन गुटखा पाउच देकर कहा 'पापा आप हमारी खुशियों में आग लगाओ'**

रायपुर/नवप्रदेश। परमानंद पाटिल पिछले 15 सालों से गुटखा और तंबाकू का सेवन कर रहे थे। लेकिन एनसीडी कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से वह संपर्क में आए और 2 माह के नियमित इलाज के बाद उनको लाभ मिला और अब वह तंबाकू और गुटखा के सेवन से तौबा कर चुके हैं।

गुटखा खाने की आदत के बारे में परमानंद पाटिल बताते हैं: लगभग 15 वर्ष पहले दोस्तों के साथ बारनवापारा घूमने गया थावहां परकई दोस्तों ने गुटखा खाने के लिए दबाव बनाया और कहा इससे कुछ नहीं होता बल्कि पाचन क्रिया सही रहती है। वहीं से मैंने गुटखा खाना शुरू कर दिया बाद में मुझे फिर इसकी ऐसी आदत हो गयी किमैं चाह कर भी तंबाकू को छोड़ नहीं पा रहा था। दिन में लगभग 100 से 150 रुपए इसी में खर्च हो जाता था।

आगे परमानंद कहते है मेरी आय भी सीमित थी। लोगों ने यह कह कर शादी करवा दी किपत्नी आएगी तो तम्बाकू छूट जाएगी। इसी बीच शादी भी हो गई। लेकिन आदत और बिगड़ती चली गई, पत्नी ने भी कई बार गुटखा छोड़ने के लिए दबाव बनाती रही पर हठधर्मिता के कारण गुटखा नहीं छोड़ पा रहा था। इसी बीच मुझे बेटी हुयी फिर धीरे-धीरे वह बड़ी हो रही थी, खर्चे बढ़ रहे थे और इधर तम्बाकू की आदतअपना जोर दिखा रही थी। चंद गुटखे के दाने खाने से शुरू हुआ सफर अब महीने में 2,500 से 3,000? महीने में खर्चा करा रहा था। आर्थिक स्थिति खराब हो रही थी घर में गृह कलह बढ़ती जा रही थी। एक दिन बिटिया ने गुटखा पाउच देते हुए कहा यह लो पापा आप खाओ और हमारी खुशियों में आग लगाओ। बात दिल को लग गई और मन में दृढ़ इच्छा शक्ति पैदा

कीकि मैं अब तंबाकू का सेवन नहीं करूँगा। फिर मुझे पता चला कि स्वास्थ विभाग द्वारा एनसीडी कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति केंद्र बनाया गया है, जिसमें चरणाबद्ध तरीके से नशा सेवन रोकने के तरीके सिखाये जातेहैं। मेरे लिए तंबाकू का सेवन छोड़ना आसान नहीं था। शुरुआत में 15 दिन काफी कष्टदायी थे। तंबाकू सेवन की इच्छा को रोकना और तंबाकू नहीं खाने के कारण मन-मस्तिष्क में बेचैनी, चिड़चिड़ापन, रात में नींद न आना और अनेक तरह के लक्षणों से जूझना पड़ा। ऐसे में परामर्शदाताओं ने सलाह दी कि रात में मेथी दाना भिगोकर सुबह उसका पानी पीना चाहिए। दालचीनी का सेवन,दिन में दो या तीन काजू और बादाम खाने के साथ योग करने की सलाह भी दी। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने लगी। मन-मस्तिष्क से तंबाकू सेवन की इच्छा भी कम होने लगी और निकोटीन गम को भी अलविदा कह दिया और इस प्रकार धीरे धीरे गुटखा सेवन की आदत खत्म हो गई अब मैं पूर्ण रूप से गुटखा और तंबाकू के सेवन से तौबा कर चुका हूं। जब से गुटखा छोड़ा है मेरे बेटी और मेरी पत्नी बहुत खुश हैं।'

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की जिला सलाहकार डॉ. सृष्टि यदु बताती है किसी भी प्रकार के नशे को छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना बहुत जरूरी है। नशा मुक्ति केंद्र से वर्ष 2021-22 में जिले के 120 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम किए गए 107 स्कूलों को धुम्रपान फ्री स्कूल का प्रमाण-पत्र मिला, वहीं 13 चालान भी किए गए जिसमें 650 रुपये का अर्थ दंड भी लिया गया, 1163 लोगों को ओपीडी के माध्यम से परामर्श भी दिया गया। 106 लोगों ने तंबाकू के सेवन का त्याग किया।

वर्ष 2020-21 में 885 लोगों को ओपीडी के माध्यम से परामर्श भी दिया गया। वहीं 48 लोगों ने तंबाकू के सेवन का त्याग किया। तंबाकू छोड़ने वाले लोग अब स्वस्थ जीवन जी रहे है।

इफेक्टिव स्पीच के लिए अच्छा हो कंटेंट

रायपुर/नवप्रदेश। कैवल्यधाम जैन तीर्थ में 15 दिवसीय जैन संस्कार बालिका शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शिविर में ट्रेनर राजेश सांखला ने इफेक्टिव पब्लिक स्पिकिंग की क्लास ली। उन्होंने कहा कि आप जिस विषय पर, जिस जगह और जिन लोगों के सामने स्पीच देने वाले हैं, उनके अनुसार अपनी तैयारी करें। इसके लिए लगातार प्रेक्टिस करते रहे। आपका कंटेंट अच्छा होना चाहिए। हमेशा ऐसी बातें करें जिससे ऑडियंस आपसे जुड़े रहे। लोगों से आई कनेक्ट बना कर रखें। आप जिस भी विषय पर अपनी बात कह रहे है उसके प्रति सकारात्मक रहें। खुद में आत्मविश्वास और उत्साह रखें। भाषण के लिए जितना समय दिया गया है उतने में ही अपनी बात पूरा करने की कोशिश करें। उन्होंने इस दौरान स्टेज के फियर को दूर करने के लिए सभी को एक एक करके स्टेज में आकर बोलने के लिए भी कहा। शिविर के संयोजक पंकज चोपड़ा ने बताया कि शिविर में धर्म, संस्कार, जीने की कला, व्यावहारिक शिक्षा दी जा रही है। यहां छग के साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के 350 से ज्यादा लड़कियां शामिल हुई है।

सुविधाओं का दावा फिर भी पेयजल के लिए पैदल सफर कर रहे नगरवासी

चिरमिरी/नवप्रदेश। कोरिया जिले के एकमात्र नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में गर्मी आते ही पेयजल की समस्या बढ़ जाती है। लेकिन निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण आज लोग पानी के लिए भीषण गर्मी में एक किलोमीटर का सफ र पैदल चलकर तय करना पड़ता है तब जाकर पानी मिलता है यह पूरी समस्या किसी गांव की नही बल्कि जिले के एक मात्र नगर निगम चिरमिरी की है। निगम के वार्ड 09 में अब तक बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंची है । वार्ड वासियों ने पेयजल की समस्याओं को लेकर कई बार निगम के महापौर और विधायक से गुहार लगा चुकी है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिले के विकास करने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की निधि भेजी जाती है। फिर भी इस वार्ड में पेयजल समस्या का समाधान नहीं हो सका। विदित हैं कि राज्य सरकार ने भी चिरमिरी निगम विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2010 में जलापूर्ति की 34 करोड़ की लागत वाली जो जल आवर्धन योजना की लागत बढ़कर 50 करोड़ लगभग हो गई है। इस योजना में अभी तक इसमें चिरमिरी और एसईसीएल क्षेत्र मैं हेड ओवर टैंक का निर्माण कर दिया गया जो सप्लाई करने का काम करेगी। हेडओवर टैंक में पानी तो पहुंच गया। जिन जगहों पर पीएचई , निगम की पाइप लाइन नहीं है। वहां पाइपलाइन विस्तार करने प्लानिंग ही नहीं शुरू की गई है। 50 करोड की जिस जल आवर्धन का सालों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों को सपना दिखा रहे हैं। आलम में वार्ड में घर घर पाइप लाइन विस्तार करने अब तक कोई प्लान की तैयारी नहीं किया गया है। निगम के वार्ड 9 के वार्ड वासियों ने बताया की एक हैंड पंप लगाया जो खराब है। निगम से एक हफ्ते में टैंकर आता है उसे पानी आपूर्ति नहीं हो पाती। जब चुनाव आता है जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं उसके बाद भूल जाते हैं। वार्ड वासियों का कहना है पीढ़ी दर पीढ़ी बीत चुकी लेकिन पानी की समस्या दूर नहीं हुई।

क्या कहते हैं विधायक

उक्त मामले में क्षेत्रीय विधायक डॉ विनय जायसवाल ने बताया गर्मी आते ही कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है। हम लोग द्वारा वार्डों में टैंकर के मध्यम से पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। विधायक विनय जयसवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी चिरमिरी जल आवर्धन योजना शुरू की गई थी पिछले 10 सालों में भाजपा के दोनों विधायक थे जब ये योजना पूरा नहीं हुई और उस योजना में भ्रष्टाचार हुआ। मैंने कई अधिकारी को निलंबित भी कराया था। उस योजना को हमने पूरा कराने का कार्य किया जा रहा है। हर वार्ड में पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा।

पूर्व विधायक ने किया पलटवार

मामले में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जयसवाल ने बताया कि चिरमिरी जल आवर्धन योजना के तहत हमने 44 करोड रुपए खर्च किए चिरमिरी क्षेत्र में कई ओवरहेड टैंक बनाया गया था। वहां तक पानी पहुंचाने काम पूरा हमारी सरकार के द्वारा कराया गया है। वह पर्व विधायक श्याम बिहारी जयसवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि चिरमिरी क्षेत्र में घर-घर पानी पहुंचाने का काम चिरमिरी निगम को करना था जो कि 10 करोड़ रुपए से डिसटीब्यूशन का काम करना था जो आज तक पूरा नहीं किया। निगम क्षेत्र में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं हो रहा है।वही श्याम बिहारी जयसवाल ने विधायक विनय जायसवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज तक इस योजना के लिए 1 भी रुपये नही लाये। जो योजना पूरी नहीं हुई थी उस चिरमिरी जल आवर्धन योजना का मुख्यमंत्री से लोकार्पण कराया गया चुनावी लाभ लेने के लिए। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार आने के बाद घर-घर पानी पहुंचाया जाएगा।

जल्द जाऊंगा सिलगेर, देखना चाहता हूं क्या विकास नहीं चाहते ग्रामीण : अली

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा एवं बीजापुर के बार्डर पर स्थित चर्चित सिलगेर को लेकर आये दिन चर्चाए होती है। सिलगेर में लगातार धरना जारी है। कई राजनीति दल के नेता भी पहुंचे। समाज सेवी फारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा मैं सिलगेर जाना चाहता हूं। देखना चाहता हूं क्या ग्रामीण नहीं चाहते विकास हो, नक्सलियों द्वारा साजिश के तहत ग्रामीणों पर दबाव बनाकर विरोध करवाया जा रहा है। फा रूख अली ने कहा कैम्प आने के बाद सिलगेर में तेजी से पहुंचा विकास, नक्सली अपना अस्तित्व खो चुके। इसलिए अपना आधार क्षेत्र बनाए रखने ग्रामीणों का नाजायज फायदा उठा रहे। आगे फारूख अली ने कहा जब भी कहीं कैम्प डाला है। वहां तेज़ी से विकास हुआ साथ ही नक्सलियों का दहशत उन इलाकों में समाप्त हुआ और उन इलाकों में आदिवासी आजाद हुए, कई ऐसे उदाहरण है जिससे ये साबित होता के कैम्प लगने से विकास पहुंचा और कैंप के वजह से कई बीमारों को इलाज के लिए तात्कालिक सुविधा मिली। समाज सेवी फा रूख अली ने कहा जल्द सिलगेर जाकर वहां खुद देखूंगा क्या राजनीति की जा रही है। नक्सलियों एवं उनके समर्थकों द्वारा आदिवासियों के आड़ में।

डीए की मांग को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

बीजापुर/नवप्रदेश। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले डीए की मांग को लेकर प्रदेश के तहसील वा जिला मुख्यालयों मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष जाकीर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे संयुक्त कलेक्टर सुमन राज एक्का को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य सचिव के नाम से सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि

01 जनवरी 2019 से केंद्र शासन द्वारा 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया था। तब से लेकर अब तक आर्थिक क्षति हो रहा है। फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री से हुए वार्ता में पक्ष रखा गया था जिस पर निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन राज्य शासन ने निर्णय नहीं लिया। उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट हो रहा है कि राज्य शासन द्वारा डीए ना देकर वेतन भुगतान मे कटौती कर रही है जो कि मौलिक अधिकार का हनन है।

परधान समाज प्रगतिशील और आदिवासी समुदाय को प्रेरित करता है : विधायक मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। परधान आदिवासी समाज का 13 वें महासम्मेलन बीजापुर के सांस्कृतिक मैदान में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परधान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी परधान, बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी, अर्जुन ककोडिया विधायक बरगढ़ मध्य प्रदेश, डॉ अशोक मर्सकोले विधायक मंडला मध्य प्रदेश, डॉ अशोक उईके विधायक रालेगांव महाराष्ट्र, महेन्द्र शिन्दे राष्ट्रीय सचिव महाराष्ट्र, नागेशवर ध्रुवे,प्रदीप गेड़ाम, रामकिशन सिडाम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शंकर कुड़ियाम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, जिला कांग्रेस के लालू राठौर, सर्व आदिवासी समाज के अशोक तलांडी सहित तीन राज्यों से आए परधान समाज के सैकड़ों प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सामाजिक समीक्षा बैठक, हीरा सुका लिंगो प्रतिमा अनावरण, सामाजिक ध्वजारोहण एवं सम्मेलन का उद्घाटन, सामाजिक परिचर्चा, जिला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सहित परंपरागत नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम देकर उर्जा का संचार कर दिया साथ ही आदिलाबाद से आरकेस्ट्रा के कलाकारों ने प्रेरक गीतों से समा बांध रखा था। बीजापुर विधायक मंडावी ने कहा की मैंने बचपन से समाज की गतिविधियों को बेहद करीब से देखा है। परधान समाज प्रगतिशील और आदिवासी समुदाय को प्रेरित करता है। परधान समाज को उनके मांग के अनुरूप सभी ब्लाक मुख्यालय में भवन के लिए आवश्यक सहयोग देने की घोषणा की। समाज के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष कांडिक नारायण ने बताया कि यह सम्मेलन परधान आदिवासी समाज को नई दिशा देने के साथ युवाओं में उत्साह का संचार हुआ है। सामाजिक रितिरिवाजों के प्रति जागरूकता सहित संगठित रहने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सकनी चंद्रैया, राष्ट्रीय अध्यक्ष पी लक्ष्मीनारायण और राकेश गिरी को रास्ट्रीय युवा अध्यक्ष के पद के नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

पूर्व सीएम स्व. जोगी की जेसीसी ने मनाया पुण्यतिथि

बीजापुर/नवप्रदेश। 29 मई को जिले के जोगी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर छग के पहले पूर्व मुख्यमंत्री व जनता कांग्रेस के सुप्रीमो स्वर्गीय अजीत जोगी की द्वितीय पुण्यतिथि बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के बीजापुर, भैरमगढ़, पटनम, उसूर आवापल्ली ब्लॉक के सभी प्रदेश, जिला स्तरीय पदाधिकारियों व

कार्यकर्ताओं ने जैतालुर रोड वेयर हाउस के बाजू में बने नया कार्यालय में उपस्थित होकर स्व जोगी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विजय झाड़ी जिला अध्यक्ष बीजापुर ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष चल्मैया अंगनपल्ली, शहर अध्यक्ष बालकिशन बजाज, ब्लॉक अध्यक्ष बीजापुर गुडडू कोरसा, ब्लॉक उपाध्यक्ष गुंडी तेलाम, रोशन झाड़ी युवा अध्यक्ष , जिला महामंत्री के जी सुधाकर, वरिष्ठ महिला नेत्री सुनीता तिवारी, चंदेस माडवी, मीडिया रामचन्द्रम एरोला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

दिव्यांग सितंबर को मिला मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल

सूरजपुर/नवप्रदेश। 22 वर्षीय दिव्यांग सितंबर प्रजापति पिता फलेश्वर प्रसाद प्रजापति ग्राम रामनगर तहसील सूरजपुर निवासी जो कि हाथ और पैर से विकलांग है। सितंबर बीए अंतिम वर्ष का छात्र है उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पढ़ाई करने में परेशानी एवं अन्यत्र आवागमन करने में परेशानी की जानकारी दी जिस पर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर ने दिव्यांग छात्र सितंबर प्रजापति को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय की। दिव्यांग सितंबर प्रजापति बीए अंतिम वर्ष का छात्र है। मोटराइज्ड साइकिल प्राप्ति पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग का आभार प्रकट किया है। कलेक्टर सुश्री आरा ने निरंतर पढ़ाई जारी रखने प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के आलोक भुवाल, विवेक सरकार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार, सरपंच गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सरपंच को गिरफ्तार किया है। मामला बीजापुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गंगालूर ग्राम पंचायत के सरपंच राजू कलमू के एक घर एक युवती का आना-जाना था। युवती सरपंच के दूर की रिश्तेदार है। इसी दौरान आरोपी सरपंच शादीशुदा होने के बावजूद युवती को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया।

धार्मिक भावना को आहत करने वाला भेजा गया जेल

कोरबा/नवप्रदेश। सुधीर जैन पिता डॉ.जी के जैन, थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया किए यह जैन मिलन समिति जिला कोरबा का अध्यक्ष है, जो दिनांक 25 मई को इनका दिगम्बर जैन समाज का पांच जैन मुनि, धर्म गुरू कोरबा प्रवास पर आये हुए थे, जो 26 मई को कोरबा भ्रमण दौरान इनका आरोपी जैनेन्द्र कुर्रे, द्वारा फोटोग्राफी कर इनके धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाते हुए भड़काउ शब्द लिखकर फेसबुक मे डाल दिया, जो रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कोरबा मे अपराध क्रमांक 496/2022 धारा 295 भादवि कायम कर आरोपी का पता तलाश मोबाईल लोकेशन के आधार पर किया जाकर आरोपी जैनेन्द्र कुर्रे पिता व्यासनारायण कुर्रेए उम्र 31 वर्ष, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से जेल वारंट मिलने से आरोपी को जेल दाखिल किया गया। इस कार्य मे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, सउनि मानिक लाल लहरे, प्र.आर लक्ष्मीकांत खरसन, प्रआर. माखन लाल पात्रे, आर नवरतन सिदार, आर संदीप टंडन, आर सुखनंदन महंत, आर गगन जायसवाल, आर मनीष बघेल, आर परमेश्वर सिंह, आर आलोक टोप्पो का सराहनीय योगदान रहा।

कमांडर की टक्कर से मोपेड सवार ग्रामीण की मौके पर मौत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रविवार शाम 6 बजे के करीब ग्राम पंचायत नगर निवासी गोविंद दास 62 वर्ष साप्ताहिक बाजार करके वापस अपने घर अपने टीवीएस एक्सएल से जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार अनियंत्रित कमांडर से टक्कर हो गई जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई घटना की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा घटना पर पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। ग्राम कंचन नगर निवासी गोविंद दास 62 वर्ष आज रामानुजगंज में साप्ताहिक बाजार करके वापस अपने घर शाम 6 बजे के करीब जा रहे थे। इसी दौरान बिजली ऑफिस के समीप अंबिकापुर रोड की ओर से तेज रफ्तार कमांडर वाहन आ रहा था जिसके द्वारा टीवीएस एक्सएल सवार गोविंद दास को जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कमांडर झारखंड की बताई जा रही है।

कर्मचारी फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी ने फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर दो सूत्रीय मांग- केंद्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने को लेकर चरणबद्ध हड़ताल के प्रथम चरण में 30 मई सोमवार को मुख्य सचिव के नाम एसडीएम चंद्रकांत कौशिक को ज्ञापन सौंपा। इस मांग पत्र के माध्यम से शासन को एक माह में मांग पूरी नही करने पर 30 जून को राजधानी में जंगी प्रदर्शन, महारैली फिर अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी गई है।

प्रथम पेज का शेष

यूपीएससीः छत्तीसगढ़ से...

हासिल करने वाली श्रद्धा शुक्ला कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला की बेटी है। श्रद्धा कहती हैं मैंने अपनी पूरी प्रिप्रेशन रायपुर में की है। उन्होंने आगे कहा कि, रायपुर में रहकर तैयारी नहीं हो सकती है, इस सोच को दिमाग से निकालना होगा। उन्होंने कहा कि जो प्रतियोगी कोचिंग करना चाहते हैं तो यह खुद पर निर्भर करता है।

श्रद्धा कहती हैं कि उनके लिए कोई पढ़ाई के घंटे निर्धारित नहीं थे। बस पढ़ती थी, सारा दिन पढ़ती रहती थी। ऑनलाइन पढ़ाई और मोबाइल फ्रेंडली होने पर श्रद्धा कहती हैं कि वह ऑनलाइन पढ़ना प्रेफर नहीं करती। उन्हें पेन और पेपर से ही पढ़ना पसंद है। वह बताती हैं कि उनके कई फ्रेंड्स हैं, जिनका नाम लिस्ट में है और उन्होंने ऑनलाइन ही पढ़ाई की है। श्रद्धा कहती हैं कि आप इतनी बड़ी पोस्ट के लिए इच्छा रख रहे हैं कि आपको ब्यूरोक्रेट्स बनना है, तो खुद पर सेल्फ कंट्रोल होना चाहिए।

यूपीएससी द्वारा नियुक्ति के लिए कुल 685 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है। इनमें 244 सामान्य, 73 ईडब्ल्यूएस, 203 ओबीसी, 105 एससी और 60 एसटी वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं।

बता दें कि सिविल सेवा की परीक्षाओं का आयोजन हर साल यूपीएससी द्वारा करवाया जाता है। तीन स्टेज- प्री, मेन और इंटरव्यू के बाद नतीजों का ऐलान किया जाता है। जो नतीजों में सफल होते हैं वे आईएएस, आईएफएस आदि जैसे अधिकारी बनते हैं।

मूसेवाला के मर्डर...

मार्च किया लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पुलिस अनिल चौधरी समेत कई नेताओं को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने ले गई। चौधरी ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या के लिए आप सरकार जिम्मेदार है। अरविंद केजरीवाल को इसका जवाब देना चाहिए कि मूसेवाला की सुरक्षा वापस क्यों ली गई, जबकि उनकी जान को खतरा था और यह बात पंजाब में खुफिया एजेंसियों को पता थी।

गैंगस्टर लॉरेंस ने जताई एनकाउंटर की आशंका

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस ने एनआईए कोर्ट में पिटीशन दायर की है। उसने कहा है कि अगर पंजाब पुलिस मेरा प्रोडक्शन वारंट मांगती है तो एनकाउंटर हो सकता है। पुलिस को अगर पूछताछ करनी है तो वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए करे। इसके लिए कस्टडी की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने इस पिटीशन को सुनने से इनकार कर दिया। कहा- लॉ एंड ऑर्डर राज्य पुलिस का विषय है।

पहले भी आए थे कत्ल करने, कमांडो को देख वापस लौटे-

पहले भी मूसेवाला की हत्या की कोशिश हुई थी। हालांकि, जब गैंगस्टर्स के गुर्गे मूसेवाला के गांव पहुंचे तो वहां कमांडो देख लौट आए। बाद में हत्या के लिए उन्होंने गोल्डी बराड़ से स्पेशल बंदूक मंगवाई थी। जिससे ही ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर कल मूसेवाला की हत्या की गई। इसके पीछे तिहाड़ जेल से चल रहे मोबाइल नंबर भी सामने आ रहा है।

हाईकोर्ट ने की जवाबतलबी

इस मामले में अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने पूछा कि सिक्योरिटी में कटौती की जानकारी लीक कैसे हुई? इस मामले की अगली सुनवाई 2 जून को होगी।

8 लोगों के नाम आए सामने

शाहरुख से पूछताछ के बाद मूसेवाला हत्याकांड में 8 लोगों की भूमिका पर शक जताया जा रहा है। जिसमें गोल्डी बराड़, लॉरेंस, जग्गू भगवानपुरिया, मनप्रीत औलख का मैनेजर सचिन, अजय गिल, सतेंद्र काला, सोनू काजल और अमित काजला शामिल हैं। शाहरुख ने पूछताछ में बताया कि उसकी गोल्डी बराड़ से सिगनल एप पर बात होती थी। शाहरुख का फोन अब दिल्ली पुलिस जब्त कर चुकी है। लॉरेंस के भी सिगनल एप पर बात करने का शक है।

सीएम भूपेश ने मूसेवाला ...

होनहार नेता और प्रतिभाशाली गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से वह बहुत दुखी और स्तब्ध हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, प्रतिभाशाली गायक सिद्धू मूसेवाला जी की हत्या की खबर बहुत कष्टदायी है। इसने हम सभी को स्तब्ध कर दिया। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने ट्वीट किया, मुझे विश्वास नहीं हो रहा और मैं हैरान हूं। हमने सिद्धू मूसेवाला के रूप में कांग्रेस का एक होनहार सितारा खो दिया है।

कोरोना से बेसहारा ...

उसमें भी मदद करेगा। रोजमर्रा की दूसरी जरूरतों के लिए अन्य योजनाओं के माध्यम से उनके लिए 4000 रुपए हर महीने की व्यवस्था की गई है। मोदी ने कहा कि ऐसे बच्चे जब अपने स्कूल की पढ़ाई पूरी करेंगे तो आगे भविष्य के सपनों के लिए और भी पैसे की जरूरत होगी। इसके लिए 18 से 23 साल के युवाओं को हर महीने स्टाइपेंड मिलेगा और जब बच्चे 23 साल के होंगे तब 10 लाख रुपए उनको एकमुश्त सहायता दी जाएगी। पीएम केयर्स के माध्यम से बच्चों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड भी दिया जा रहा है। इससे पांच साल तक के इलाज की मुफ्त सुविधा भी उन्हें मिलेगी।

क्या है पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना-

पूर्व विधायक साधु ....

जूतों की माला से स्वागत करने की बात कही तो लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने मामा को अपनी हद में रहने, नहीं तो गर्दा छुड़ा देने की धमकी दी। साधु ने अपनी भाजियों, बहन राबड़ी देवी व जीजा लालू प्रसाद यादव के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया था।

जन अदालत में नक्सलियों ...

से धीरे-धीरे उसका डर काम होने लगा। 27 मार्च को एक बार फिर वह अपने ट्रैक्टर से मजदूर लेने और अपनी पहली पत्नी के बच्चों से मिलने अपने गांव वट्टीगुड़ा लौटा। इस दौरान उसके साथ उसका साथी पाण्डु भी लौटा था, जो उसके साथ ही तेलंगाना में बस चुका था। मड़कम आयता और पाण्डु के गांव आने की खबर माओवादियों को लग गई। नक्सलियों ने दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान माओवादियों ने जनअदालत लगाकर मड़कम आयता और पाण्डु की रस्सियों से गाला घोंटकर हत्या कर दी।

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202204160100007/
अ-21/2021-22
ग्राम- दंतेवाड़ा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमलचंद पिता ताराचंद उम्र 64 वर्ष जाति जैन निवासी गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र दंतेवाड़ा प.ह.नं. 03 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 182/3 रकबा 0.5880 हे. में से रकबा 0.032 हे. भूमि को क्रेता 1. मनोज सिंह पिता कृष्ण राज सिंह उम्र 46 वर्ष, जाति क्षत्रिय 2. प्रशांत सिंह पिता कृष्णराज सिंह, जाति क्षत्रिय, निवासी दंतेवाड़ा को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/05/2022 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 29/04/2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202205140400042
अ-6/ 2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मंजू पति स्व. शरद मोटवानी व अन्य 01 जाति सिंधी निवासी आदर्शनगर कांकेर तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला मांझापार कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 13 ए, प्लाट नंबर 89, क्षेत्रफल 87 वर्गमीटर पक्का मकान वार्षिक भू भाटक 83.46 रु. सालाना मंजू पति स्व. शरद मोटवानी, अनिल कुमार पि. स्व. मूलचंद मोटवानी नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण के द्वारा उक्त भूमि का बंटवारा नामा किया गया है। जिसमें से पक्ष क्रमांक (1) मंजू पति स्व. शरद मोटवानी को भूमि शीट नं. 13 ए, प्लाट नं. 89 में से क्षेत्रफल 43 व.मी. भूभाटक 41.25 रु. एवं पक्ष क्रमांक (2) अनिल कुमार पिता स्व. मूलचंद मोटवानी भूमि शीट नं. 13ए, प्लाट नं 89 में से क्षेत्रफल 44 व.मी. भू भाटक 42.21 रु. को आपसी सहमति से बंटवारा नामा पंजीयन उप पंजीयन कार्यालय कांकेर में दिनांक 19.5.2022 को किया गया है। बंटवारा नामा के अनुसार अपना नाम दर्ज करने छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति होतो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 26/5/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

दुर्घटना में घायल हुई टीवी की हिट एंकर

मुंबई। देश के अगले कॉमेडी चैंपियन की खोज में सोनी टीवी पर शुरू हो रहे रियलिटी शो 'इंडियाज लाफ्टर चैंपियन' से फेमस एंकर परिजाद कोलाह भी वापसी की तैयारी में हैं। शो की शूटिंग शुरू हो चुकी है लेकिन परिलाद इसकी शूटिंग में अभी कुछ दिन और हिस्सा नहीं ले सकेंगी क्योंकि वह एक दुर्घटना में अपना पैर घायल कर बैठी हैं। इस शो के दोनों जज शेखर सुमन और अर्चना पूरन सिंह को लेकर लोगों में उत्सुकता है। कम लोगों को ही पता होगा कि द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज शो बंद होने के बाद से एंकर परिजाद कोलाह अपने पारिवारिक जीवन में व्यस्त थी। इस बारे में परिजाद कहती हैं, मैं कैमरे के सामने वापसी करने के लिए बेहद उत्साहित थी। इंडियाज लाफ्टर चैंपियन जैसा जॉनर मुझे हमेशा से ही पसंद था। बदकिस्मती से मैं बहुत ही बुरी तरह से गिर गई हूं जिसके कारण मुझे टेलीविजन पर वापसी करने के लिए कुछ समय और लगेगा। हालांकि मैं जल्द ही वापसी करने की उम्मीद करती हूं। जानकारी के मुताबिक परिजाद को उनके डॉक्टर ने कुछ समय बिस्तर पर पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है ताकि वह इस चोट से जल्दी उबर पाएं। साल 2007 तक परिजाद ने द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज की मेजबानी की थी। उन दिनों शो के जज शेखर सुमन और नवजोत सिंह सिद्धू हुआ करते थे। सिद्धू बाद में द कपिल शर्मा शो में दिखे, हालांकि उनके राजनीति में सस्त्रि5य होने के बाद उनकी जगह अर्चना पूरन सिंह ने ले ली। इंडियाज लाफ्टर चैंपियन का एलान सोनी टीवी ने हाल ही में अपने हिट कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो के इस सीजन के आखिरी एपीसोड की शूटिंग पूरी होने के साथ ही किया था। ये शो टेलीविजन पर कपिल के शो की जगह लेगा। शो के लिए पूरे देश से ऑडीशन शुरू हो चुके हैं। अर्चना कहती हैं, इस शो के जरिये हम देश का अगला कपिल शर्मा तलाशने जा रहे हैं। अरसे से देश को कोई नया स्टैंड अप कॉमेडियन नहीं मिला है।

भारत से कारोबार बेचने की तैयारी में जर्मनी की कंपनी

नई दिल्ली। जर्मनी की रिटेल विक्रेता मेट्रो एजी भारत से कारोबार समेटने की तैयारी कर रही है। मेट्रो एजी की भारतीय सहायक कंपनी मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने के लिए अंबानी और अडानी रेस में हैं। जर्मनी की रिटेल विक्रेता मेट्रो एजी भारत से कारोबार समेटने की तैयारी कर रही है। मेट्रो एजी की भारतीय सहायक कंपनी मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुकेश अंबानी और गौतम अडानी रेस में हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड की खबर के मुताबिक, मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने के लिए अंबानी और अडानी डील के अंतिम चरण पहुंच गए हैं। ऐसे में अब देखना दिलचस्प रहेगा कि इस कंपनी पर कौन कब्जा करता है। इंडस्ट्री सूत्रों ने रिलायंस, अडानी समूह और थाईलैंड के समूह चारोन पोक फंड (सीपी) को गुरुग्राम-मुख्यालय मेट्रो कैश एंड कैरी में आंशिक या पूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने के लिए संभावित खरीदार के रूप में नामित किया है। कंपनी के पास यहां 31 स्टोर और 5,000 डायरेक्ट कर्मचारी हैं। खबर है कि जर्मन चेन द्वारा रणनीतिक और निजी इक्विटी निवेशकों सहित लगभग 20 कंपनियों से संपर्क किया गया था। इसमें अंबानी और अडानी से भी संपर्क किया गया था। सूत्र के मुताबिक भारतीय व्यापार को अपना नेटवर्क बढ़ाने और अधिक स्टोर जोडने के लिए और अधिक निवेश की आवश्यकता है। वहीं, मेट्रो एजी के प्रवक्ता ने भी स्वीकार किया है कि कंपनी रणनीतिक विकल्पों की समीक्षा कर रही है। मेट्रो एजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट संचार) गेर्ड कोस्लोव्स्की ने कहा, मेट्रो इंडिया एक बढ़ता हुआ व्यवसाय है, जिसमें थोक के लिए भारी संभावनाएं हैं।

लाइव परफॉर्मेंस देते हुए सिंगर की मौत

नई दिल्ली। मलयालम प्लेबैक सिंगर एडवा बशीर की स्टेज पर परफ ॉर्म करने के दौरान मौत हो गई। बशीर केरल के कुछ सबसे पॉपुलर सिंगर्स में गिने जाते थे। बात जब स्टेज परफॉर्मेंस की आती थी तो बशीर का नाम सबसे पहले लिया जाता था। वह केरल में लाइव परॉर्मेंस के लिए गए हुए थे। वह शनिवार को केरल में एक लाइव इवेंट में परफॉर्म कर रहे थे। ये खास इवेंट पॉपुलर म्यूजिक ट्रूप की 50वीं एनिवर्सरी पर आयोजित किया गया था। बशीर अपने करियर की शुरुआत में इस ट्रूप का हिस्सा थे और इसी लिए उन्हें भी इस खास सेलिब्रेशन में बुलाया गया था। बशीर इस कार्यक्रम में टूटे खिलौने फिल्म का हिंदी गाना माना हो तुम बेहद हसीन गा रहे थे, गाना खत्म होने के बाद वह मंच पर ही गिर पड़े। उन्हें हड़बड़ी में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। 78 वर्षीय बशीर दिग्गज सिंगर थे और उन्होंने कई मशहूर गाने गाए थे। बशीर केरल के कुछ सबसे पॉपुलर सिंगर्स में गिने जाते थे। बात जब स्टेज परफॉर्मेंस की आती थी तो बशीर का नाम सबसे पहले लिया जाता था। कुछ मलयालम गानों के लिए भी उन्हें बतौर प्लेबैक सिंगर क्रेडिट दिया गया था। सिंगिंग डेब्यू की बात करें तो बशीर ने साल 1978 में अपने करियर की शुरुआत की थी।

अमेरिका में सड़क हादसे में दो की मौत, 19 घायल

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के नेब्रास्का के लिंकन में दो कारों की टक्कर में कई पैदल यात्रियों के चपेट में आने से कम से कम दो महिलाओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीएनएन ने लिंकन पुलिस के कैप्टन मैक्स हुबका के हवाले से बताया कि रविवार (स्थानीय समयानुसार) रात करीब 10:45 बजे एक वाहन 52वें और ओ सड़कों के पास पश्चिम की ओर जा रहा था तथा एक अन्य वाहन पूर्व की ओर जाने के लिए बाएं मुड़ गया जिसके कारण यह हादसा हुआ। इसकी चपेट में सड़क के किनारे पैदल यात्री आ गये जिनमें दो महिलाओं की मौत हो गयी और 19 अन्य घायल हो गये। उन्होंने कहा कि चूंकि यह स्मृति दिवस सप्ताहांत था, वहां बहुत सारे पैदल यात्री और सड़क पर खड़े लोग एकत्र थे तथा दुर्घटना के समय फुटपाथ पर भी कई लोग बैठे थे। पुलिस ने कहा,÷घायलों में एक की हालत गंभीर है।÷ अन्य 18 लोगों की जान को कोई खतरा नहीं है।

दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा मिला, 16 शव बरामद

काठमांडू 30 मई (वार्ता) नेपाल के तारा एयर विमान के दुर्घटनास्थल से सोमवार को 16 शव बरामद किए गए। यह विमान रविवार को चार भारतीयों सहित 22 लोगों के साथ लापता हो गया था। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने हालांकि ट्वीट किया कि शवों की पहचान की जानी बाकी है।काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल सेना ने कहा कि विमान के लापता होने के करीब 20 घंटे बाद विमान का मलबा देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से मुस्तांग जिले के थासांग के सानो स्वरे भीर में 14,500 फीट की ऊंचाई पर मिला। इससे पहले सोमवार को सेना के प्रवक्ता नारायण सिलवाल ने ट्वीट किया, खोज एवं बचाव दल ने विमान दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया है। नेपाल के मीडिया के अनुसार, विमान जिस जगह पर सतर से टकराया उसके 100 मीटर के दायरे में शव बिखरे हुए थे। तारा एयर के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने द काठमांडू पोस्ट को बताया कि विमान पहाड़ से टकरा कर टुकड़े टुकडे हो गया। मुस्तांग जिले के मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी की मदद से दुर्घटनास्थल का पता लगाया गया है, जो यारशगुम्बा (कैटरपिलर कवक) को इकट्ठा करने के लिए क्षेत्र में पहुंचे थे। रविवार को प्रतिकूल मौसम के कारण खोज एवं बचाव दल दुर्घटनास्थल पर नहीं पहुंच सका।

ब्राजील में बाढ़ का कहर, उ. कोरिया में बुखार का डर

ब्राजील में भारी बारिश से 56 लोगों की मौत

- **भूस्खलन में अभी तक 56 लोग लापता भी हैं और लगभग 4,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया**

रियो डी जेनेरिया (वार्ता/शिन्हुआ)। ब्राजील में पूर्वोत्तर राज्य पेरनामबुको में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई। स्थानीय नागरिक सुरक्षा ने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में अभी तक 56 लोग लापता भी हैं और लगभग 4,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। पेरनामबुको की राजधानी रेसिफ़ सिटी में सबसे अधिक 30 लोगों की मौत हुई है। ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने ट्वीट किया कि वह स्थिति का आकलन करने के लिए सोमवार को रेसिफ़ का दौरा करेंगे। बारिश से पड़ोसी राज्य अलागोस भी प्रभावित है, जहां दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 7,000 लोग बाढ़ के कारण बेघर हो गए।

- **किम जोंग उन ने संक्रमण के प्रसार को रोकने सभी शहरों और काउंटी में लॉकडाऊन का आदेश दिया**
- **188,000 लोगों का इलाज चल रहा**
- **33.6 लाख पहले ही इस बुखार से ठीक हुए**

उत्तर कोरिया में एक लाख बुखार के नये मामले

सियोल। उत्तर कोरिया में पिछले चौबीस घंटो में अज्ञात बुखार एक लाख नये मामले सामने आए और इस एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हो गई है। कोरियन सेन्ट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार अप्रैल के अंत से 29 मई तक पंजीकृत तेज बुखार वाले रोगियों की संख्या 35.4 लाख है। लगभग 94.68 प्रतिशत 33.6 लाख पहले ही इस बुखार से ठीक हो चुके हैं, जबकि 188,000 का इलाज चल रहा है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ये सभी संदिग्ध मामले कोविड-19 के हैं या नहीं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सभी शहरों और काउंटी में लॉकडाऊन का आदेश दिया है।

सिविल सेवा परीक्षा में पहले पांच सफल अभ्यर्थियों में चार महिलाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा-2021 के सोमवार को घोषित परिणामों के अनुसार 685 सफल घोषित अभ्यर्थियों में पहले चार स्थानों पर महिलाओं के नाम आये हैं।

इन चार में पहले स्थान पर सुश्री श्रुति शर्मा, दूसरे पर अंकिता अग्रवाल, तीसरे पर गामिनी सिंगला और चौथे स्थान पर ऐश्वर्या वर्मा हैं। पांचवा स्थान उत्कर्ष द्विवेदी ने हासिल किया है।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इनमें 244 सामान्य वर्ग के, 73 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के, 203 अन्य पिछड़ा वर्ग और 105 अनुसूचित जाति और 60 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी हैं। विज्ञप्ति में सफल अभ्यर्थियों के बारे में कोई और ब्योरा नहीं दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 की भारतीय सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों को बधाई दी है। उन्होंने एक संदेश में कहा कि ये युवा अपने प्रशासनिक कैरियर का प्रारंभ ऐसे समय करने जा रहे हैं जो भारत की विकास यात्रा की कहानी का महत्वपूर्ण समय है और जब हम आजादी का अपना अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

आयोग ने सिविल सेवा की परीक्षा 2021 की प्राथमिक परीक्षा 10 अक्टूबर 2021 को आयोजित करायी थी जिसके परिणाम 29 अक्टूबर को घोषित किये गये थे। मुख्य परीक्षा सात से 16 जनवरी 2022 तक करायी गयी थी। इसके परिणाम 17 मार्च को घोषित किये थे और लिखित परीक्षा में चुने गये अभ्यर्थियों के साक्षात्कार और व्यक्तित्व परीक्षण सात अप्रैल से 26 मई तक किये गये थे। परिणाम आयोग की वेबसाइट पर सोमवार को जारी किये गये। मुख्य परीक्षा पहले स्थान पर आयीं श्रुति शर्मा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कालेज और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की छात्रा रही हैं। सुश्री शर्मा ने जामिया मिलिया इस्लामिया से आवासीय कोचिंग से ली थी।

हाईकोर्ट जज करेंगे मूसेवाला मर्डर की जांच

नव प्रदेश संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की न्यायिक जांच कराने का फैसला लिया है। सिद्धू मूसेवाला के पिता ने सीएम भनवंत मान को चिट्ठी लिखकर बेटे की हत्या की सीबीआई, एनआईए अथवा हाई कोर्ट के मौजूदा जज से जांच कराने की मांग की थी। इस पर सहमति जताते हुए सीएम मान ने जज से हत्याकांड की जांच कराने का आदेश दिया है। यही नहीं पंजाब सरकार ने सिद्धू मूसेवाला की वीआईपी सुरक्षा वापस लिए जाने के फैसले की भी जांच कराने की बात कही है। सीएमओ ऑफिस ने बताया कि मुख्यमंत्री इस मामले में पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। भगवंत मान ने कहा है कि दोषियों को जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने मांग की है कि पंजाब के डीजीपी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डीजीपी ने उनके बेटे की हत्या को गैंगवॉर का नतीजा बताया है, जिस पर उन्हें माफी मांगनी चाहिए। फिलहाल मूसेवाला की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

सिद्धू मूसेवाला के मर्डर मामले में आईपीसी की धारा 302, 307, और 341 के तहत यह केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा आर्म्स ऐक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस फिलहाल हत्यारों की पहचान के लिए आसपास के इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यही नहीं उस वीडियो की भी पुलिस जांच करने में जुटी है, जिसमें दो कारें सिद्धू मूसेवाला की गाड़ी का पीछा करती दिख रही हैं।

शंघाई में एक जून से हटेंगे कोविड प्रतिबंध

बीजिंग (वार्ता)। चीन में व्यापारिक गतिविधियों के सबसे बड़े केन्द्र शंघाई शहर में कोविड-19 के घटते मामलों के मद्देनजर व्यवसायिक गतिविधियों पर लॉकडाउन के तहत लगाये गये प्रतिबंध बुधवार से हटा लिये जाएंगे।

चीनी अधिकारियों ने बताया कि दो माह तक चले इन सख्त प्रतिबंधों की वजह से यहां व्यापार चौपट हो गया। उन्होंने बताया कि शहर की अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए भी योजनाएं तैयार की गयी है । बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में यहां कोरोना वायरस के मामले प्रतिदिन 170 से घटकर 122 होने के बाद इस इस संबंध में घोषणा की गयी है।अधिकारियों के अनुसार वायरस के प्रसार को रोकने के लिए काम पर आने वाले लोगों की संख्या को नियंत्रित करने वाले दिशा निर्देशों को भी संशोधित किया जा रहा है।

मोदी के राज में भारत की विश्व में नई पहचान बनी : राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार के आठ वर्षों के सफल कार्यकाल में भारत की दुनिया में नयी पहचान बनी है और देश स्वाभिमानी तथा मजबूत नेतृत्व वाले देश के रूप में उभर कर सामने आया है।

केन्द्र में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के मौके पर श्री सिंह ने सोमवार को सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा ,÷ इन आठ सफल वर्षों में भारत की विश्व में एक नई पहचान बनी है। आज भारत पूरे विश्व में एक स्वाभिमानी और मज़बूत नेतृत्व वाले देश के रूप में पहचाना जा रहा है। इस बड़े बदलाव का श्रेय हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और उनकी संकल्प शक्ति को जाता है।

उन्होंने कहा, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे हुए हैं जो उपलब्धियों और सफलताओं से परिपूर्ण रहे हैं। जन-विश्वास को आधार बना कर, इन आठ वर्षों में विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित किए गए हैं। जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव लाने का जो प्रयास पिछले आठ वर्षों में हुआ है वह आज फलीभूत हो रहा है। आज भारत में व्यवस्थाएँ बदली हैं, सुशासन स्थापित हुआ है। गरीब कल्याण के लिए ईमानदारी और प्रामाणिकता से काम हुआ है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में रक्षा क्षेत्र में बहुत अधिक काम हुआ है और भारत को अब रक्षा उत्पादों के निर्यातक देशों में गिना जाता है। उन्होंने कहा, ÷ चाहे देश की रक्षा का मामला हो या अर्थवस्था का, हर मोर्चे पर भारत की स्थिति पहले से काफ़ी मज़बूत हुई है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर हम तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और इसका सबसे अधिक असर रक्षा क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।आज भारत प्रमुख रक्षा सामग्री निर्यातक देशों में गिना जाता है।

आईएनएस विक्रांत के लिए 26 लड़ाकू विमान खरीदीने की तैयारी

आईएनएस विक्रांत के लिए 26 लड़ाकू विमान खरीदीने की तैयारी,

फ्रांस और अमेरिका से चल रही बात है बात

नई दिल्ली। स्वदेशी ट्विन-इंजन डेक-बेस्ड फाइटर प्लेन मिलने में अभी एक दशक का समय बाकी है लेकिन उससे पहले केंद्र मोदी भारतीय नौसेना की सिफारिश पर सरकार-से-सरकार के आधार पर 26 वाहक-आधारित लड़ाकू विमान खरीदेगी। यह लड़ाकू विमान जल्द ही नौसेना में शामिल होने वाले आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। इसी साल जनवरी में गोवा में भारतीय नौसेना के तट-आधारित परीक्षण सुविधा में फ्रांस राफेल-मरीन विमानों का उड़ान परीक्षण यानी फ्लाइट टेस्ट पहले ही आयोजित किया जा चुका है। इसके अलावा यूएस एफ-18 सुपर हॉर्नेट का परीक्षण 15 जून तक पूरा होने की उम्मीद है। दो बोइंग एफ/ए-18ई सुपर हॉर्नेट लड़ाकू विमान गोवा में नौसैन्य अड्डे में अपनी परिचालन क्षमता दिखाने भारत पहुंचे हैं क्योंकि भारतीय नौसेना अपने स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी) विक्रांत के लिए लड़ाकू विमानों का एक बेड़ा हासिल करने की योजना बना रही है। 26 विमानों में से, भारतीय नौसेना को 8 ट्विन सीटर ट्रेनर चाहिए, जिनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में भी किया जा सकता है। दोनों फाइटर्स (फ्रांस और अमेरिका के) वस्तुतः एक ही विंटेज के हैं और दोनों निर्माताओं के पास भारत में मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल सुविधाएं भी हैं।

एक हजार से ज्यादा अफगानी शरणार्थी स्वदेश लौटे

काबुल (वार्ता/शिन्हुआ)। अफगानिस्तान के पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से 1094 अफगानी शरणार्थी शनिवार को स्वदेश लौटे हैं। देश के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने सोमवार को पुष्टि की। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि सीमा पार करके लगभग 854 से ज्यादा अफगान शरणार्थी ईरान से पश्चिमी निमरोज प्रांत लौटे हैं, जबकि पाकिस्तान से दक्षिणी कंधार प्रांत में 240 शरणार्थी बिना किसी दस्तवेज लौटे हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान के शरणार्थी मामलों के मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2021 से अब तक लगभग छह लाख 53 हजार से ज्यादा अफगान शरणार्थी पड़ोसी देशों से स्वदेश लौट चुके हैं।

केंद्र सरकार की विदेश नीति है जन केंद्रित : जयशंकर

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर कहा कि भारत की विदेश नीति अब जन केंद्रित हो चुकी है जो देश की सुरक्षा, सहयोग, संस्कृति और समृद्धि सुनिश्चित करने के साथ विश्व पटल पर भारत को उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयत्नशील है। विदेश मंत्री ने कहा कि पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया में आमूलचूल बदलाव, त्वरित, भ्रष्टाचार मुक्त एवं लोगों के स्थान के नजदीक डिलीवरी सुनिश्चित की गई है। कोविड काल में वंदे भारत मिशन, यूक्रेन में ऑपरेशन गंगा आदि विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा के संकल्प के प्रमाण हैं।उन्होंने कहा कि वैश्विक कार्य स्थलों पर नागरिकों को समर्थन एवं सहयोग देना, संकटग्रस्त भारतीयों एवं कामगारों के कल्याण के लिए कोष का विस्तार, भारतीय प्रतिभाओं, पेशेवरों, कामगारों एवं विद्यार्थियों के लिए काम करने के अधिक अवसर, भारतीय निवेश एवं निर्यात तथा देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना तथा भरोसे मंद संबंधों से राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देकर वैश्विक प्रभाव बढ़ाना, हमारी विदेश नीति के नये आयाम हैं।

नायडू गैबोन, सेनेगल और कतर की यात्रा पर रवाना

उप-राष्ट्रपति सात जून तक यात्रा में रहेंगे

नई दिल्ली (वार्ता)। उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू सोमवार को तीन देशों गैबोन, सेनेगल और कतर की राजकीय यात्रा पर रवाना हो गये।

उप-राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां बताया कि श्री नायडू के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया है जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी और श्री विजय पाल सिंह तोमर तथा लोकसभा सांसद पी. रवींद्रनाथ शामिल है। उप-राष्ट्रपति सात जून तक यात्रा रहेंगे। इस यात्रा के दौरान सभी देशों के साथ कई द्विपक्षीय समझौते किये जाने की संभावना है। श्री नायडू की यात्रा तीनों देशों में किसी भी उप-राष्ट्रपति की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा भारत से गैबोन और सेनेगल की पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। उनकी यात्रा से अफ्रीका के साथ भारत के संबंधों के सुदृढ़ होने और अफ्रीकी महाद्वीप के लिए भारत की रिश्तों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

श्री नायडू अपनी यात्रा के पहले चरण में गैबोन पहुंचेंगे और वहां के प्रधानमंत्री रोज क्रिस्टियन ओसूका रापोंडा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति अली बोंगो से मुलाकात करेंगे। वह गैबोन में व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत करने और भारतीय प्रवासियों को संबोधित भी करेंगे। उप-राष्ट्रपति यात्रा के दूसरे चरण में सेनेगल में होंगे और राष्ट्रपति मैकी साल के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। वह नेशनल असेंबली के अध्यक्ष मुस्तफा नियासे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे। भारत और सेनेगल इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उप-राष्ट्रपति व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेगें और भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में उप-राष्ट्रपति कतर की यात्रा पर जाएगें। यात्रा के दौरान श्री नायडू कतर के उप अमीर शेख अब्दुल्ला बिन हमद अल थानी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे। वह इस यात्रा के दौरान कतर के कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे और कतर में एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

यात्रा के अंतिम चरण में उप-राष्ट्रपति कतर की यात्रा पर जाएगें। यात्रा के दौरान श्री नायडू कतर के उप अमीर शेख अब्दुल्ला बिन हमद अल थानी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे।

मारियुपोल बम धमाके में तीन घायल : रूस

कीव (वार्ता)। रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के मारियुपोल शहर में सोमवार को एक कार बम विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। रूस के मीडिया ने यह जानकारी दी। रूस की स्थानीय मीडिया आरटी के मुताबिक कार शहर के केंद्र में हाउस ऑफ कल्चर के पास खड़ी थी, जहां से रूसी अधिकारी हमले का संचालन कर रहे हैं। आरआईए नोवोस्ती ने क्रेमलिन प्रशासन के सूत्रों के हवाले से बताया कि कार बम विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। इस बीच लुहांस्क क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही हेयडे ने कहा कि रूसी सैनिक यूक्रेन के सेवेरोदोनेत्स्क शहर के आगे बढ़ रहे हैं।

सीएनएन ने बताया कि यूक्रेन में रविवार को हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी।

वन्यप्राणियों का शिकार करने तालाब में लगाया करंट, चपेट में आने से चीतल और शिकारी की मौत

■ 3 साथी भी गिरफ्तार

बिलासपुर। बिलासपुर जिले में वन्य प्राणियों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट की चपेट में आने से एक चीतल की मौत हो गई। वहीं शिकारी भी खुद के बिछाये जाल में फंस गया और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही ट्रेनी आईपीएस और उनकी टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मुंगेली जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व (ॠक्र) में सोन कुत्तों का आतंक सामने आया है। 5 कुत्तों के झुंड ने जंगल में एक नर चीतल का शिकार कर उसे मार दिया। इस पूरे घटनाक्रम क्रम का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

पहली घटना बिलासपुर के सीपत थाना क्षेत्र की है। रविवार को ट्रेनी आईपीएस और सीपत थाना इंचार्ज विकास कुमार को खबर लगी कि ग्राम कनई के

सतीमुड़ा तालाब के पूर्व छोर में रूप सिंह गोड एवं एक चीतल की करंट लगने से मौत हो गई है। घटना की सूचना वन विभाग को देकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि मृतक का नाम रूप सिंह के रूप में हुई है। उसे उसके कुछ साथियों के साथ रात में देखा गया था। तालाब किनारे बांस की खूंटी के सहारे विद्युत खंभा से बिजली चोरी कर शिकार के लिए करंट लगाया था। हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से 4 वर्षीय चीतल की मौके पर मौत हो गई। वन विभाग ने चीतल का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाया। वहीं पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भिजवाया।

एटीआर में सोन कुत्तों ने किया चीतल का शिकार

मुंगेली जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व में सोन कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। पांच कुत्तों के एक झुंड ने जंगल में एक नर चीतल का शिकार कर उसे मार दिया। इस पूरे घटनाक्रम क्रम का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अपने वजन से चार गुना अधिक वजन के चीतल को सोन कुत्तों ने घेर कर दबोच लिया और जिंदा चीतल के मास को नोंच-नोंच कर खा रहे हैं। ॠज्ञक्र के पैदल गार्ड ने इस शिकार को अपने कैमरे में कैद किया है जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बोलेरो की टक्कर से बाइक जलकर खाक, तीन की मौके पर ही मौत

■ छठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे मृतक

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी में रविवार देर शाम तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिला, उसका भांजा और भतीजी शामिल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक भी जलकर खाक हो गई। जबकि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में बोलेरो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे पलट गई। पुलिस ने इस बोलेरो चालक के खिलाफ दर्ज की है। हादसा मेचका थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नरहरपुर के ग्राम घोटियावाही निवासी राधा बाई मरकाम (58) अपनी बहन के बेटे राजेश

मरकाम (24) और देवर की बेटी नेहा मरकाम (21) के साथ रविवार शाम करीब 5.15 बजे बाइक पर गरियाबंद के शोभा गांव जा रहे थे। तीनों को वहां एक छठी कार्यक्रम में शामिल होना था। अभी वे मेचका के नकटी नाला के पास पहुंचे थे कि मैनपुर से धमतरी की ओर आ ही तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही बाइक में लगी आग

टक्कर लगते ही तीनों उछलकर दूर जा गिरे और बाइक में आग लग गई। हादसे में राधा मरकाम और राजेश मरकाम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और नेहा को गंभीर हालत में नगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रात में उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने बोलेरो चालक थनवार यादव मैनपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि वह भाग निकला है।

बाल न काटने के मामूली विवाद पर ले ली जान

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ में बाल न काटने के मामूली सी बात पर हुए झगड़े में एक युवक की हत्या हो गई। शनिवार देर शाम गांधीनगर के मुक्तिपारा में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। इसी बीच आरोपी ने खुद सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

एक-दूसरे को देख लेने की दी थी धमकी :

संभाग मुख्यालय के अंतर्गत गांधीनगर के मुक्तिपारा निवासी 23 वर्षीय दीपक टोप्पो बाल काटने का काम करता था। शनिवार शाम करीब 6.30 बजे मोहल्ले का ही इमलियानुस मिंज उर्फबुतरू पिता बरनाबस ने उससे बाल काटने के लिए कहा। इस पर दीपक ने मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने के बाद दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी और घर चले गए। कुछ देर बाद दीपक अपने घर से डंडा तो इमलियानुस सब्जी काटने वाला चाकू जेब में छिपाकर मुक्तिपारा शिवमंदिर के पास पहुंचे।

पेट व गले में चाकू से वार

लोगों ने पुलिस को बताया कि दीपक ने डंडे से इमलियानुस को मारा तो उसने चाकू से दीपक के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। पेट व गले में चाकू के गंभीर वार से दीपक वहीं ढेर हो गया। जब तक लोग वहां पर पहुंचते तक तक इमलियानुस हमला कर वहां से फरार हो गया। मोहल्लेवासियों द्वारा गंभीर रूप से घायल दीपक को अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आरोपी ने किया सरेंडर

मोहल्लेवासियों की सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। पुलिस के दबाव को देखते हुए आरोपी ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

राजस्थान को कोयला भेजने कोल ब्लॉक में फिर शुरू हुई पेड़ों की कटाई

ग्रामीणों का विरोध, तनाव के बीच पुलिस बल तैनात

सरगुजा। सरगुजा जिले के उदयपुर क्षेत्र में परसा ईस्ट केते बासेन कोल ब्लॉक में पेड़ों की कटाई और कोल ब्लॉक आबंटन रद्द करने की मांग को लेकर लगातार हो रहे आंदोलन के बीच सोमवार सुबह जंगल में एक बार फिर से पेड़ों को काटने का काम शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलने ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए और पेड़ों की कटाई का विरोध करने लगे। इससे तनाव की स्थिति बन गई। यहां कटाई के पूर्व पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। विवाद व तनाव की आशंका पर एएसपी विवेक शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है।

राजस्थान विद्युत निगम लिमिटेड को आबंटित परसा ईस्ट केते बासेन परियोजना का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस खदान का संचालन एवं कोल परिवहन अडानी इंटरप्राइजेस कर रही है। कोल परियोजना के लिए सोमवार सुबह से अचानक पेड़ों की कटाई का काम शुरू कर दिया गया। पेड़ों को काटने की जानकारी हुई तो ग्रामीण एकजुट होकर कटाई वाले स्थान घटबर्रा जंगल के पेंड्रामार क्षेत्र में पहुंच गए। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले करीब 60 पेड़ों को काटा जा चुका था। इसे देखकर ग्रामीण भड़क गए और कटाई का विरोध करने लगे। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पेड़ कटाई का काम रोक दिया गया है। जन आक्रोश की सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से अंबिकापुर व उदयपुर एसडीएम सहित तहसीलदारों को भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के साथ एसडीओपी अखिलेश कौशिक, उदयपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे के साथ सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल भी जंगल में मौजूद हैं।

सीएमडी ने एक सप्ताह पूर्व की थी मुलाकात

राजस्थान विद्युत निगम लिमिटेड के सीएमडी आरके शर्मा ने एक सप्ताह पूर्व छत्तीसगढ़ पहुंचकर रायपुर में मुख्य सचिव के साथ अंबिकापुर व सूरजपुर के कलेक्टरों से मुलाकात की थी। राजस्थान में कोयले की आपूर्ति नहीं होने पर पावर प्लांटों के बंद हो जाने का हवाला देते हुए जल्द पीईकेबी परियोजना के शुरू कराने की मांग की थी। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत भी कोल माइंस को जल्द शुरू कराने छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। बताया गया है कि स्थानीय प्रशासन पर भी जल्द से जल्द परियोजना का काम शुरू कराने एवं पेड़ों की कटाई कराने का दबाव है। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अंबिकापुर प्रवास के दौरान कोल ब्लॉक परियोजना को लेकर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी है, इसलिए प्रदेश सरकार को खनन की अनुमति देनी पड़ी है।

बढ़ा तनाव, ड्रोन कैमरों से हो रही निगरानी

पेड़ कटाई की सूचना मिलने पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल भी समर्थकों व ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तथा कटाई का विरोध किया। मौके पर सैकडों की संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर नारेबाजी कर रहे हैं। पुलिस द्वारा दो ड्रोन कैमरों से आंदोलनकारियों की निगरानी की जा रही है। अभी क्षेत्र में स्थित तनावपूर्ण बनी हुई है। सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यह तनाव और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पुलिस छावनी बनाकर पेड़ों की कटाई कराने की तैयारी में है।

बाजार में आकाशीय बिजली गिरने से हुई युवक की मौत, सदमे में पत्नि ने भी लगा ली फांसी

■ गम में डूबा परिवार

अंबिकापुर। बलरामपुर व जशपुर जिले की सीमा से लगे बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुर्जूडीह में रविवार की शाम आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें से मृत एक युवक की पत्नी अपने पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और उन्होंने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हादसे में झुलसे 10 अन्य में 2 की हालत गंभीर बताई गई है। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज एवं शंकरगढ़ अस्पताल में घायलों को देखने एसडीएम एवं अन्य अधिकारी



पहुंचे। सीएम भूपेश बघेल ने आकाशीय बिजली से झुलसे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि बुर्जुडीह में रविवार को साप्ताहिक बाजार में शाम करीब 5 बजे तेज आंधी तूफान के साथ बारिश के दौरान गाज गिरने से 2 युवक एवं एक बालिका की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं 20 अन्य गिर गए। 10 घायलों को 108 से पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़, जिला बलरामपुर लाया गया। बीएमओ डॉ. आफ़ताब आलम के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने घायलों का उपचार शुरू हुआ। मृतकों में दिलेश्वर सोनवानी (23 वर्ष), ब्रम्हा पिता मंगल (24 वर्ष) एवं सोनिया पिता संतोष (12 वर्ष) शामिल हैं। घायलों में दो बच्चों को 50 फीसदी से अधिक झुलस जाने के कारण अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य का इलाज भी यहां चल रहा है।

एक माह पूर्व हुई थी सविता व दिलेश्वरी की शादी

आकाशीय बिजली गिरने से मृत दिलेश्वर सोनवानी की शादी एक माह पूर्व शंकरगढ़ के महुआडीह निवासी 21 वर्षीय सविता के साथ हुई थी। सविता अपने पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और सोमवार को उसने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना से दिलेश्वर व सविता का परिवार सदमें में है।

एक साथ एनएच में 6 भालूओं के निकलने से मचा हड़कम्प

■ बीच सड़क पर मस्ती करते रहे भालू, गाड़ियों के थमे रहे पहिए

कांकेर/नवप्रदेश। शहर से सटे ग्राम दसपुर में रिहायसी बस्ती में वन्य प्राणियों के पहुंचने का सिलसिला थम नहीं रहा। रविवार की सुबह 6 बजे दसपुर के गड़िया पहाड़ से उतर कर दो भालू बीच सड़क में आकर लड़ने लगे जिसे देखने लोगो की भीड़ लग गई। दो भालू आपस में लड़ ही रहे थे की मोहपुर रोड़ से एक मादा भालू अपने तीन बच्चों के साथ बेखौफ घुमता नजर आया। जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वहां उपस्थित लोग

चिल्लाने लगे। इस भीषण गर्मी के चलते नदी तालाब सूख चुके हैं और जंगली जानवर पानी की तलाश में अब रिहायशी बस्ती में पहुंच रहे। इससे कभी भी गंभीर घटना घट सकती है। दशपुर के दीपक निषाद, भाव सिंग साहू ने बताया की कभी कभार दिखने वाले भालू अब दशपुर में सुबह हो या शाम दिख ही जाते हैं। बाबा बगरूम देव चौक गड़िया पहाड़ से लगा हुआ है। जहां भालूओं को बसेरा है। यहां से उतरकर भालू बस्ती में आ जाता है। जिससे दहशत का महौल बना रहता है।

एनआरडीए के गाइडलाईन के अनुरूप शासकीय विभागों के जर्जर भवनों और खाली जमीनों का किया जाएगा व्यवस्थित विकास

■ व्यावसायिक और आवासीय विकल्प के रूप में परियोजना तैयार करने के दिए निर्देश

■ पुराने पेड़ों और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए किया जाएगा विकास

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण मंत्री तामृध्वज साहू की अध्यक्षता में उनके सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय परियोजना समिति की बैठक हुई। बैठक में परियोजना समिति के सदस्य वन एवं परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया शामिल हुए। बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी रिडेव्हलपमेंट पॉलिसी के तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों, निगम-

मंडलों, कंपनी और बोर्ड के अधीन जर्जर शासकीय भवनों तथा खाली पड़े जमीनों के व्यवस्थित विकास एवं सदुपयोग के संबंध में विस्तारपुर्वक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मंत्रियों ने कहा कि प्रदेश के चिन्हांकित जमीनों तथा जर्जर भवनों का रिडेव्हलपमेंट एवं सुव्यवस्थित विकास के दौरान पुराने पेड़ों और ऐतिहासिक धरोहरों, भवनों को संरक्षित कर विकास किया जाए।

बैठक में शांति नगर रायपुर, पुराना शासकीय आवासीय कॉलोनी, क्लब पारा एवं गुढ़रू पारा महासमुंद, 36 क्वाटर्स जगदलपुर और कंगोली जगदलपुर और समता कॉलोनी स्थित नूतन राईस मिल रायपुर के सुव्यवस्थित विकास और उपयोग के संबंध में भी चर्चा की गई।

मंत्रियों ने कहा कि प्रारंभिक चरण में प्रदेश के इन चिन्हांकित जमीनों का व्यवस्थित विकास किया जाए। उन्होंने कहा कि नया रायपुर विकास प्राधिकरण के गाइडलाईन के अनुरूप इन भूमियों को विकासित किया जाए। अलग-अलग विकल्पों के रूप में व्यावसायिक, आवासीय अथवा केवल व्यावसायिक या केवल आवासीय परियोजना तैयार किया जाए। मंत्रियों ने कहा कि विकसित भू-खंडों में आगामी बिजली, पानी, सड़क, सिवरेज और ट्रैफिक समस्याओं के संबंध में विस्तार पूर्वक अध्ययन कर लिया जाए ताकि व्यावसायिक अथवा आवासीय रूप में विकसित होने के बाद इन समस्याओं से जुझना न पड़े।